दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



दर्शकों को पसंद आई ईशान.........



डॉक्टर बनने के बाद चुनी ......

वर्ष : 11 अंक : 143 लखनऊ, 11 मई, रविवार 2025 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

# सेना पूरी तरह तैयार, किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देंगे

## 3 घंटे में ही पाकिस्तान ने तोड़ा सीजफायर, सीमावर्ती क्षेत्र में ड्रोन से हमले, फिरोजपुर और बाड़मेर में भी ब्लैकआउट



राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पाकिस्तान सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने भारत से संपर्क किया और दोनों देश बातचीत कर युद्ध विराम पर सहमत हो गए। सरकार ने कई दिनों से चल रही सैन्य तनातनी और दोनों पड़ोसियों के बीच बढ़े तनाव के बाद युद्ध विराम की पुष्टि की। भारत-पाक युद्धविराम समझौते के बाद कमोडोर रघु आर नायर, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने अपने खत्र 17 से हमारे र400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, जो पूरी तरह से गलत है।

## पीएम मोदी ने राजनाथ सिंह के साथ की हाई लेवल मीटिंग

### सीडीएस और तीनों सेना प्रमुख भी रहे मौजूद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में अपने आवास पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) और भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुखों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक पाकिस्तान के 26 भारतीय ठिकानों पर हमले के जवाब में शनिवार तड़के भारत द्वारा पाकिस्तान के चार एयरबेसों पर किए गए हमलों के बाद हुई। इससे पहले आज विदेश सचिव विक्रम मिस्री, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच चल रहे घटनाक्रम के बारे में मीडिया को जानकारी दी। विक्रम मिसरी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान द्वारा की जा रही कार्रवाइयों को बढ़ाने वाली और उकसाने वाली प्रकृति के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने यह टिप्पणी शनिवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान की, जहां पाकिस्तान की भड़काऊ और भड़काऊ कार्रवाइयों के सबूत पेश किए गए और साथ ही पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे झूठ को भी उजागर किया गया। मीडिया से बात करते हुए विदेश सचिव ने कहा, ₹पाकिस्तान की कार्रवाई उकसावे और तनाव बढ़ाने वाली थी। जवाब में भारत ने जिम्मेदारी और संयम से बचाव किया और जवाब दिया।₹ भारत ने पाकिस्तान के दुर्भावनापूर्ण गलत सूचना अभियान को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया, जिसमें महत्वपूर्ण भारतीय सैन्य संपत्तियों और बुनियादी ढांचे के विनाश का झूठा दावा किया गया था। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, अन्य आरोपों के अलावा, अधमपुर में एस-400 सिस्टम, सूरतगढ़ और सिरसा में एयरफील्ड, नगरोटा में ब्रह्मोस स्पेस और देहरांग्यारी और चंडीगढ़ में आर्टिलरी-गन पोजिशन को हुए नुकसान के बारे में गलत सूचना फैलाने के पाकिस्तान के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

## भारत ने 26 स्थानों पर पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को किया विफल

### पड़ोसी मुल्क के लाहौर, रावलपिंडी और इस्लामाबाद तक धमाके

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव अपने चरम पर है। भारत में पाकिस्तान का फतेह वन मिसाइल से हमला को नाकाम कर दिया है। पाकिस्तान मिसाइल को मार गिराया गया है ।रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के इस्लामाबाद, लाहौर, शोरकोट, झंग और रावलपिंडी से धमाकों की खबरें मिली हैं। शोरकोट में रफीकी एयरबेस के पास धमाकों की आवाज सुनी गई। यह दावा पाकिस्तानी मीडिया की ओर से की जा रही है। पाकिस्तान ने शुकवार को लगातार दूसरी रात जम्मू कश्मीर से लेकर गुजरात तक 26 स्थानों पर ताजा ड्रोन हमले किए तथा रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दुश्मन द्वारा हवाई अड्डों और वायुसेना ठिकानों सहित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर किए गए हमलों को विफल कर दिया गया। पंजाब के फिरोजपुर में एक परिवार के कुछ सदस्य रात के अंधेरे में किए गए हमलों में घायल हो गये। हमलों में घायल हो जाने का यह केवल एक मामला रहा। पाकिस्तान से लगी सीमा वाले सभी राज्यों में ब्लैकआउट रखा गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और उस पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है तथा घबराने का कोई कारण नही है। रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा एवं नियंत्रण रेखा के पास 26 स्थानों पर ड्रोन देखे गये। इनमें संदिग्ध हथियार वाले ड्रोन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन स्थानों में बारामूला, श्रीनगर, अवंतीपोरा, नगरोटा, जम्मू, फिरोजपुर, पठानकोट, जैसलमेर, बाड़मेर, भुज एवं लक्खी नाला शामिल हैं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 26.c

न्यूनतम तापमान 11.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 78,271.28

निफटी 23,696.30

## भारत का रुख संतुलित और जिम्मेदाराना : जयशंकर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात करने के बाद कहा कि भारत का दृष्टिकोण हमेशा से ही संतुलित और जिम्मेदाराना रहा है और आगे भी ऐसा ही रहेगा। जयशंकर और रुबियो के बीच फोन पर बातचीत ऐसे समय में हुई जब भारत और पाकिस्तान की सेनाओं ने एक-दूसरे के ठिकानों को निशाना बनाया है और दोनों देशों के मध्य पहले से ही जारी गंभीर टकराव और बढ़ गया है। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आज सुबह अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो से बातचीत हुई। भारत का दृष्टिकोण हमेशा से ही संतुलित और जिम्मेदाराना रहा है और आगे भी ऐसा ही रहेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि रुबियो ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों पक्षों को गलत अनुमान लगाने से बचने के लिए तनाव कम करने और प्रत्यक्ष संवाद को फिर से स्थापित करने के तरीके तलाशने की आवश्यकता है। विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा, उन्होंने भविष्य में होने वाले विवादोंको टालने के लिए सार्थक चचाओं को सुविधाजनक बनाने में अमेरिका की ओर से समर्थन दिए जाने का प्रस्ताव रखा।

## गंगा प्रदूषणः एनजीटी ने दो सप्ताह में मांगा ब्योरा

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को गंगा नदी में प्रदूषण का पूरा ब्योरा देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व वाली पीठ ने दो मई को दिए अपने आदेश में कहा कि राज्य को पहले जिलेवार ब्योरा देने का निर्देश दिया गया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अप्रयुक्त नालों से कोई भी अशोधित मलजल, गंगा नदी या उसकी सहायक नदियों में न जाए। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल थे। पीठ ने, हालांकि, कहा कि राज्य के पर्यावरण सचिव द्वारा 30 अप्रैल को दी गई रिपोर्ट में अधूरे ब्योरे दिए गए हैं। इसने कहा है कि रिपोर्ट में कई बिंदुओं पर जानकारी का अभाव है, जैसे कि गंगा में सीधे या इसकी मुख्य या उप-सहायक नदी में बहने वाले नालों या सीवेज के निर्वहन का ब्योरा। पीठ ने कहा कि रिपोर्ट में यह भी नहीं बताया गया है कि यदि नाले को टैप किया गया है तो कितनी मात्रा में अपशिष्ट को किस सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में भेजा जाएगा और यदि टैप नहीं किया गया है तो क्या प्रस्ताव में इसे किसी एसटीपी में भेजने का प्रावधान है। इसमें यह भी कहा गया है कि प्रत्येक नाले को टैप करने की तिथि, महीना और वर्ष के अलावा कार्य के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के नाम भी नहीं बताए गए हैं। पीठ ने कहा, ह्यद्वइस खुलासे में सोनभद्र, मऊ, भदोही, जौनपुर, आजमगढ़, गोरखपुर, देवरिया, खुशीनगर, महाराजगंज और प्रयागराज जिलों से संबंधित अधूरी जानकारी दी गई है। राज्य के अतिरिक्त महाधिवक्ता ने पूरा ब्योरा देने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा जिसे पीठ ने मंजूर कर लिया और सुनवाई 29 मई के लिए निर्धारित कर दी।

## आज हर भारतीय सरकार के सामर्थ्य को महसूस कर रहा हैः उपराष्ट्रपति धनखड़

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि आज हर भारतीय सरकार के सामर्थ्य को महसूस कर रहा और यह समझ रहा है कि देश किसी अन्य राष्ट्र परनिर्भर नहीं है। उनकी यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य गतिरोध के बीच आई है। उन्होंने कहा,हम भारतीय हैं, भारतीयता हमारी पहचान है, राष्ट्र धर्म सर्वोपरि है, राष्ट्र पहले आता है। कोई भी हित (व्यक्तिगत, राजनीतिक या आर्थिक) राष्ट्र हित से ऊपर नहीं हो सकता। मौजूदा स्थिति का जिक्र किए बिना उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज हर भारतीय सरकार के सामर्थ्य, दृष्टि और सोच को जान रहा है।

**संक्षिप्त समाचार**

## कोई शर्त नहीं, स्थगित रहेगी सिंधु जल संधि

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मिसाइल, ड्रोन और तोपखाने के हमलों के कई दिनों बाद भारत द्वारा पाकिस्तान के साथ पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम की घोषणा करने के कुछ ही मिनटों बाद, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंक के पनाहगारों के लिए एक सख्त संदेश जारी किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत ने लगातार सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के खिलाफ एक दृढ़ और अडिग रुख बनाए रखा है। यह ऐसा करना जारी रखेगा। उन्होंने, एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि भारत और पाकिस्तान ने गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर एक समझ विकसित की है।

## तमिलनाडु सरकार के प्रमुख विभागों में भ्रष्टाचार के नेटवर्क का पता चला : ईडी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने धनशोधन के एक मामले में इस सप्ताह की शुरूआत में छापेमारी के दौरान तमिलनाडु सरकार के प्रमुख विभागों के कई सलाहकारों से जुड़े एक प्रणालीगत भ्रष्टाचार नेटवर्क का पता लगाया है। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छह मई को चेन्नई और वेल्लोर में की गई छापेमारी के दौरान 4.73 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी भी जब्त की, जो रिश्वत के भुगतान के लिए थी। यह जांच तमिलनाडु सतर्कता भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) द्वारा पर्यावरण विभाग के अधीक्षक एस पांडियन और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में दर्ज प्राथमिकी से संबंधित है। इसने कहा कि ईडी ने कुल 16 परिसरों की तलाशी ली, जिनमें उपरोक्त अधिकारी और तमिलनाडु सरकार के विभागों के विभिन्न प्रमुख सलाहकारों के परिसर शामिल थे। बयान में कहा गया है, छापेमारी में गहरी जड़ें जमाए हुए और प्रणालीगत भ्रष्टाचार नेटवर्क का पता चला, जिसमें प्रमुख सरकारी विभागों के कई प्रमुख सलाहकार शामिल थे। ईडी ने आरोप लगाया, साक्ष्यों से पता चलता है कि सलाहकारों/ब्रोकर ने बिचौलियों की तरह काम किया, फर्जी कंपनियां और फर्म बनाईं, जिनके जरिए सेवा शुल्क और भुगतान की आड़ में रिश्वत दी गई। बयान में कहा गया है कि जांच में प्रभाकर सिगमोनी, ए के नाथन, नवीन कुमार, संतोष कुमार और विनोद कुमार नामक प्रमुख सलाहकारों की अवैध मंजूरी दिलाने में भूमिका की पुष्टि हुई है। इसमें कहा गया है कि साक्ष्य नष्ट करने और सहयोग नहीं करने के लिए एक महत्वपूर्ण कर्मी के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। ईडी ने कहा कि उसने छापेमारी के दौरान दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और संपत्ति के दस्तावेज भी बरामद किए हैं, जो बड़े पैमाने पर धनराशि के गबन का संकेत देते हैं।

## दहेज हत्या के मामले में पति समेत पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

बलिया ,बलिया की एक अदालत ने दहेज के लिए एक महिला की हत्या के करीब ढाई साल पुराने मामले में पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित पाल सिंह की अदालत ने सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद शुक्रवार को महिला के पति गणेश कुमार गुप्ता, सास मंदोदरी देवी, ननद चंपा देवी तथा रेखा देवी और ननदोई अमर नाथ गुप्ता को दोषी ठहराया। अभियोजन पक्ष के अनुसार जिले के बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव में 24 दिसंबर 2022 को दहेज के लिए सीता देवी की जलाकर हत्या कर दी गई। इसके अनुसार महिला के पिता बिहार के बक्सर जिले के निवासी लाल जी कानू की तहरीर पर गणेश, मंदोदरी, चंपा देवी, रेखा देवी तथा अमर नाथ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। जिरह पूरी होने के बाद अदालत ने पांचों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास तथा आठ-आठ हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई।

## अंतरिक्ष में सीमाएं धुंधली नजर आती हैं: राकेश शर्मा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि अंतरिक्ष यात्रियों को राष्ट्रों को विभाजित करने वाली सीमाएं धुंधली नजर आती है और उन्हें पूरी पृथ्वी केवल एक इकाई के तौर पर दिखती है। वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन में एक संवाद सत्र में शर्मा ने कहा किचंद्रमा पर गए अंतरिक्ष यात्रियों ने यह भी बताया कि पहले और अंतिम मिशनों की तुलना में अब पृथ्वी अधिक ग्रे और कम नीली दिखाई दे रही है। शर्मा अंतरिक्ष यात्री हज्जा अल मंसूरी (यूएई), अल्पर गेजेरावसी (तुर्की), माइकल लोपेज-एलेग्रिया (यूएस), भारतीय अंतरिक्ष यात्री (नामित) अंगद प्रताप, एयतन स्टिब्बे (इजराइल), गोपीचंद थोटाकुरा और सिरिशा बंदला के साथ एक संवाद सत्र में भाग ले रहे थे। वर्ष 1984 में रूसी अभियान के तहत अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले शर्मा ने कहा, मजेदार बात यह है कि पहले दिन आप अपने देश को देख रहे होते हैं। फिर आप पाते हैं कि कोई सीमा नहीं है। इससे आपको पृथ्वी को एक इकाई के रूप में देखने में मदद मिलती है। फिर आप उस गिरावट को देखना शुरू करते हैं जो हो रही है और यह आपको पर्यावरण क्षरण की संभावना के प्रति जागरूक करती है। अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखने के अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने म्यांमार में जंगल की आग को याद किया जिसके चलते पड़ोसी देशों में धुएं के गुबार फैल रहे थे। उन्होंने कहा, इससे हमें पता चलता है कि प्रदूषण वास्तव में सीमाओं को नहीं देखता ।इसलिए, यह सुनिश्चित करना सभी के हित में है कि जिस पर्यावरण का हम आनंद ले रहे हैं, उसे संरक्षित किया जाना चाहिए। शर्मा कहा, जो अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर गए हैं और वापस आए हैं, उन्होंने बताया है कि पहले अभियान के तहत चंद्रमा से वापसी के समय के मुकाबले वहां से अंतिम अभियान के तहत वापसी के समय पृथ्वी अपेक्षाकृत अधिक ग्रे और कम नीली दिखाई दी।

## पाकिस्तान खूब झूठ फैला रहा है, भारत का S-400 एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह सुरक्षित : विंग कमांडर व्योमिका सिंह




एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत-पाकिस्तान अपडेटः भारतीय सेना ने कई पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया है और उनकी कई सैन्य चौकियों को नष्ट कर दिया है, क्योंकि इस्लामाबाद भारत की उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिक हवाई सुविधाओं को निशाना बनाने का प्रयास जारी रखे हुए है। अधिकारियों के अनुसार, भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों ने पाकिस्तान की सीमा के करीब अमृतसर के पास कई ड्रोन को सफलतापूर्वक ₹संलग्न और नष्ट₹ किया। भारतीय जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी लॉन्चपैड के विनाश सहित महत्वपूर्ण क्षति हुई।

### पाकिस्तानी कार्रवाइयों का मुंहतोड़ जवाब दिया गया है : कर्नल सोफिया कुरैशी

पूरी रात पाकिस्तान द्वारा बिना उकसावे के किए गए आक्रमण पर एक विशेष ब्रीफिंग के दौरान, सरकार ने कहा कि पाकिस्तान ने उधमपुर, पठानकोट, भुज, भटिंडा स्टेशनों सहित 26 प्रमुख स्थलों पर हमला करने की कोशिश की और 1.40 बजे हाई-स्पीड मिसाइल से पंजाब में एक एयरबेस को निशाना बनाने का प्रयास किया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि इस्लामाबाद लगातार ड्रोन, लड़ाकू विमानों और यहां तक कि लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करके भारत की पश्चिमी सीमाओं पर हमला कर रहा था।

पाकिस्तानी सेना ने पूरे पश्चिमी मोर्चे पर आक्रामक गतिविधियाँ जारी रखी हैं। यूसीएपी ड्रोन, लंबी दूरी के हथियार, गोला-बारूद और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया है, उन्होंने सेना के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। एलओसी पर भारी गोलीबारी देखी गई। कर्नल कुरैशी ने एक विशेष ब्रीफिंग के दौरान बताया कि पाकिस्तान की बढ़ती आक्रामकता का जवाब देते हुए भारतीय सशस्त्र बलों (आईएएफ) ने केवल ₹पहचाने गए सैन्य ठिकानों₹ पर हमला किया। इनमें तकनीकी बुनियादी ढाँचा, कमांड और नियंत्रण केंद्र, रडार साइट और हथियार भंडारण क्षेत्र शामिल थे।

### भारत की एस-400 वायु रक्षा प्रणाली सुरक्षित है : विंग कमांडर व्योमिका सिंह

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा, ₹एक त्वरित और सुनियोजित प्रतिक्रिया में, भारतीय सशस्त्र बलों ने केवल चिन्हित सैन्य लक्ष्यों पर सटीक हमला किया... पाकिस्तान ने भारतीय एस-400 प्रणाली को नष्ट करने, सूरत और सिरसा में हवाई अड्डों को नष्ट करने के दावों के साथ लगातार दुर्भावनापूर्ण गलत सूचना अभियान चलाने का प्रयास किया है... भारत पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे इन झूठे दावों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है।

## सीडीएस ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर मौजूदा स्थिति से अवगत कराया



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत और पाकिस्तान में सैन्य टकराव बढ़ने के बीच प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उन्हें मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक सूत्र ने कहा, सीडीएस ने आज सुबह रक्षा मंत्री से मुलाकात करके उन्हें मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। सूत्र ने कहा कि बैठक यहां केंद्रीय मंत्री के आवास पर हुई। भारत ने शुक्रवार को कहा था कि पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार रात भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिश के तहत लेह से सर क्रीक तक 36 स्थानों पर 300 से 400 तुर्की ड्रोन दागे, हालांकि उसकी यह कोशिश विफल हो गई। शनिवार की सुबह, भारतीय सेना ने कहा, ह्रपाकिस्तान पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों से हमले बढ़ा रहा है।

## संक्षेप

### लखनऊ में आज से शुरू होगा ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन

**भारतीय सेना को मिलेगी मजबूती**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ : भारत और पाकिस्तान के बीच तनातनी और युद्ध जैसी स्थिति के बीच लखनऊ में रविवार से सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का उत्पादन शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ब्रह्मोस की प्रोडक्शन यूनिट और टाइटेनियम एंड सुपर एलायस मैटेरियल्स प्लांट का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर के लखनऊ नोड में सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की उत्पादन यूनिट साढ़े तीन वर्ष में तैयार हुई है। इसका शिलान्यास 26 दिसंबर 2021 को हुआ था। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2018 में की थी। इस कारिडोर के छह नोड लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, झांसी और चित्रकूट में रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक निवेश हो रहा है। लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस यूनिट के उद्घाटन के साथ-साथ डिफेंस टेस्टिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर सिस्टम (डीटी आइएस) का भी शिलान्यास किया जाएगा, जो रक्षा उत्पादों के परीक्षण और सर्टिफिकेशन में सहायता करेगा। समारोह में ब्रह्मोस एयरोस्पेस और एयरो एलाय टेक्नोलाजी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कारिडोर पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। ब्रह्मोस प्रोडक्शन यूनिट 300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गई है। इसके लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने 80 हेक्टेयर जमीन निश्शुल्क उपलब्ध कराई थी, जिसका निर्माण मात्र साढ़े तीन वर्षों में पूरा हुआ। ब्रह्मोस मिसाइल की मारक क्षमता 290-400 किलोमीटर और गति मैक 2.8 (ध्वनि की गति से लगभग तीन गुणा) है यह मिसाइल जमीन, हवा, और समुद्र से लांच की जा सकती है और फायर एंड फारगेट सिद्धांत पर काम करती है, जिससे यह दुश्मन के राडार से बचकर सटीक निशाना लगा सकती है। इस अवसर पर टाइटेनियम एंड सुपर एलायस मैटेरियल्स प्लांट (स्ट्रैटेजिक मैटेरियल्स टेक्नोलाजी कांप्लेक्स) का भी उद्घाटन होगा।

# सोशल मीडिया पर सेना का मनोबल गिराने से बचने की जरूरत : योगी

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में शिक्षक और मेधावियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में शिक्षकों को नेशन फर्स्ट का भाव लेकर काम करने की सीख दी। सीएम योगी ने कहा कि ज्ञान बांटने के साथ ही शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वह राष्ट्रधर्म, संस्कृति और संस्कार के बारे में भी विद्यार्थियों को शिक्षा दें। देश की सुरक्षा और संस्कृति बचाने में केवल प्रशासनिक अधिकारियों और सेना के जवानों की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि शिक्षकों की भी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। नैतिक मूल्यों और संस्कारों को बचाने के लिए शिक्षक अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती हमारी माता है और हम सब उसके पुत्र हैं, इस भावना के साथ हम सभी को देश की तरक्की को लेकर काम करना चाहिए।

### सोशल मीडिया पर सेना का मनोबल बढ़ाने की जरूरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया को देखकर कभी-कभी बुरा लगता है। कुछ लोग उसके माध्यम से देश को तोड़ने और सेना के मनोबल को गिराने का कार्य करते हैं। इससे हमें बचाना चाहिए। देश है तो हम हैं, इस भावना को हर देशवासी को अपने जेहन में रखना होगा।

सीएमएस के बच्चों द्वारा पेश की गई नृत्य नाटिका आदियोगी के मंचन की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारी सांस्कृतिक परंपरा है, जिसे बच्चों ने जीवंत मंचन कर हमारी संस्कृति और संस्कारों को दिखाने का प्रयास किया है। महाकुंभ के आयोजन की दास्तां और गंगा के अवतरण के जीवंत दृश्य हमारे ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को दशार्ती है। मुख्यमंत्री ने कहा यदि मां गंगा न होती तो क्या होता? मां गंगा-जमुना न केवल देश की समृद्धि में योगदान करती हैं, बल्कि हमारी धरती को भी बचाने का कार्य ही करती है।

### शिक्षक करें ये कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएमएस की स्थापना जिस भावना से की गई है शिक्षक उसे आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। 65 हजार से अधिक विद्यार्थी समाज को एक नई दिशा और संस्कार देने का कार्य करें। मैं सभी शिक्षकों और मेधावियों को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य शिक्षा के क्षेत्र में अधिक अंक पाना ही हमारा नहीं होना चाहिए। हम हर क्षेत्र में आगे बढ़कर अपना योगदान कर सकते हैं। ऐसे में शिक्षकों को संस्कार और सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्र धर्म व देशभक्ति के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी देनी होगी। सीएमएस की संस्थापिका डा. भारती गांधी और डा. गीता गांधी के साथ ही सभी शिक्षकों का प्रयास शिक्षा और संस्कारों को आगे बढ़ाने में कारगर साबित होगा। दादा-दादी और नाना-नानी के साथ बैठकर बच्चों को जो संस्कार मिलते थे, उसमें कमी आई है, इस कमी को शिक्षक पूरा कर सकते हैं।

# भाजपा मिशन 2027 के लिए दलितों को साधने में जुटी, वोट बैंक बढ़ाने का प्रयास

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता पर काबिज रहने के प्रयास में लग गई है। भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में कहीं से भी कोई चूक नहीं चाहती है। इसके लिए पार्टी संगठन के स्तर पर कई कवायदें की जा रही हैं। भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में कमजोर कड़ी के रूप में सामने आए अनुसूचित जाति के मतदाताओं को जोड़ने के लिए विशेष मुहिम शुरू की गई है। हर जिले में अनुसूचित जाति संवाद और इस वर्ग के मतदाताओं तक भाजपा की बात पहुंचाने का अभियान शुरू किया गया है। पार्टी ने साथ ही राज्य के सभी 1918 मंडलों में मंडल कार्यसमिति के गठन में सामाजिक समीकरणों को साधने का लक्ष्य रखा है। 2024 लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने पर पार्टी ने महसूस किया कि विपक्ष के संविधान बचाओ के मुद्दे से पार्टी को इस चुनाव में नुकसान हुआ। जिसके बाद से पार्टी अपने कार्यक्रमों में अनुसूचित जाति को किसी ना किसी रूप में लगातार जोड़ने का काम कर रही है। संगठनात्मक कार्यक्रमों के बीच पार्टी ने अब हर जिले में अनुसूचित जाति संवाद का कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह खुद जा रहे हैं। पार्टी से जुड़े अनुसूचित जाति के पदाधिकारियों व नेताओं के साथ बैठकें कर उन्हें दलित मतदाताओं के बीच अधिक से अधिक समय देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। दलितों से संपर्क व संवाद के दौरान पार्टी के नेता व पदाधिकारी उन्हें यह समझाने का काम करेंगे कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के सपनों के भारत का निर्माण हो रहा है। अनुसूचित वर्ग के आर्थिक व सामाजिक उन्नति का काम किया जा रहा है। राजनीतिक भागीदारी दी जा रही है। यह भी बताएंगे कि कांग्रेस व सपा ने कैसे अनुसूचित जाति का शोषण किया है। यह समझाने का काम करेंगे कि अनुसूचित जाति का वोट हासिल करने के लिए विपक्ष की ये पार्टियां कैसे प्रोपेगंडा करती हैं, विपक्ष की चालबाजियों से बचने की अपील करेंगे। संवाद कार्यक्रम के साथ ही मिशन 2027 के लिए पार्टी ने सभी 1918 मंडलों की समितियों के गठन में सामाजिक समीकरणों को साधने का फामूर्ला तय किया है। मंडल की कार्यसमिति 61 सदस्यीय होगी। जिसमें 15 पदाधिकारी और शेष सदस्य होंगे। मंडल कार्यसमिति में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, महिला के साथ ही अन्य सभी वर्गों को समुचित प्रतिनिधित्व देने का निर्देश पार्टी ने दिया है। जिन मंडलों में मंडल अध्यक्ष बना दिए गए हैं वहां पर कार्यसमिति गठन का काम जल्द पूरा कर लेने के निर्देश दिए गए हैं।

# सड़क पर खड़े कंटेनर में घुसा पिकअप डाला, दो घायल

**अमन लेखनी समाचार**



क्षतिग्रस्त पिकअप डाला फोटो

लखनऊ। लखनऊ के तरफ से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप सड़क पर खड़े कंटेनर में पीछे से टकरा गई। हादसे में पिकअप में सवार चालक और परिचालक बुरी तरह से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को पिकअप से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार पिकअप लखनऊ से बालामऊ जा रहा था। तभी रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रसूलाबाद के पास हरदोई लखनऊ राजमार्ग पर सड़क पर खड़े एक कंटेनर के पीछे पिकअप घुस गई। जिसमें सवार बालामऊ मल्हपुर निवासी चालक अनुज और सुभाष गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया घटना शनिवार सुबह साढ़े 11 बजे कंटेनर कुछ खराब था और बीच सड़क पर ही खड़ा था, लेकिन चालक ने लापरवाही बरती और खराब ट्रक के आगे-पीछे कोई भी सांकेतिक निशान नहीं लगाए, जिसकी वजह से हादसा हो गया। हादसे में पिकअप चालक और परिचालक बुरी तरह से वाहन में फंस गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बाहर निकाला। जिसके बाद घायलों उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। जिसमें दोनों की हालत अब सामान्य बताई जा रही है।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, आधा दर्जन लोग घायल, एक की हालत गंभीर

**मलिहाबाद के कसमंडी खुर्द की घटना, दो पक्षों में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट, मुकदमा दर्ज**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच हिंसक टकराव में लाठी-डंडों और लोहे की रॉडों से छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक की हालत इतनी नाजुक है कि वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह जानलेवा हमला सुभानी, रफीक उर्फ गब्बर, जहूर, आशिफ, रुबील और उनके साथियों द्वारा साजिश रचकर किया गया। उन्होंने अचानक नफीस, शादाब, मजीद, रेहान, शरीफ और अन्य को घेर लिया और बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान हमले में दूसरे पक्ष के कई लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।



अस्पताल में भर्ती घायल हनीफ. फोटो

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत हरकत में आई और घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के दौरान शादाब की बिगड़ती हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। ट्रामा सेंटर में उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं, अन्य घायलों का इलाज सीएचसी में जारी है। इस जघन्य घटना ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया है और ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है, यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि मामूली विवाद भी किस तरह से खूनी संघर्ष में बदल सकते हैं, जिससे कई जिंदगियां खतरे में पड़ जाती हैं। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि एक पक्ष द्वारा मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बीती देर शाम एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से राजस्थान प्रांत के भीलवाड़ा जिले में रायपुर निवासी लालू राम का बेटा प्रकाश (26) सरोजनीनगर में हीरालाल नगर स्थित रामबली के मकान में किराए पर रहता था। वह यहां पर अपने गांव के ही रहने वाले रतनलाल व अन्य मजदूरों के साथ रहता था। रतनलाल यहीं पर आइसक्रीम बनाने का काम करते थे। प्रकाश उसी में काम करने के साथ शाम के समय आइसक्रीम का ठेला लगाता था। बताते हैं कि यह सभी लोग बीते फरवरी माह से यहां किराए पर रह रहे थे। लेकिन दो-तीन दिन पहले गांव में शादी होने के कारण रतनलाल व अन्य मजदूर गांव चले गए। जबकि प्रकाश अकेले कमरे पर था। रतनलाल ने रोज की तरह आइसक्रीम का ठेला लगाकर उसे बेचने के लिए शुक्रवार शाम प्रकाश को कई बार फोन किया। लेकिन प्रकाश का फोन नहीं रिसीव हुआ। तब उन्हें प्रकाश के सो जाने की आशंका हुई और उन्होंने रामबली के बेटे सूरज को फोन कर उसे जगाने को कहा। लेकिन जब सूरज उसे जगाने पहुंचा तो दरवाजे की कुंडी अंदर से बंद मिली। कई बार आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तब सूरज ने खिड़की से झांक कर देखा तो प्रकाश कमरे के अंदर पंखे के हुक से रस्सी के सहारे लटका था। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद रात करीब 8 बजे पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो प्रकाश मृत अवस्था में फांसी के फंदे से लटका मिला। बाद में पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका पता नहीं चल सका है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है।

# प्रजातांत्रिक भ्रष्टाचार निवारण निवारण पार्टी का द्वितीय स्थापना दिवस मनाया गया

**अमन लेखनी समाचार**

गोसाईगंज। सुल्तानपुर रोड के किनारे स्थित सेखनापुर गांव में प्रजातांत्रिक भ्रष्टाचार निवारण पार्टी का द्वितीय स्थापना दिवस समारोह मनाया गया।इस मौके पर पार्टी के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि चरन सिंह यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय हमारा देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। गरीब लोगों का दर्द सुनने वाला कोई नहीं है। स्थितियों को देखते हुए उन्होंने ने एक नई राजनीतिक दल प्रजातांत्रिक भ्रष्टाचार निवारण पार्टी का गठन किया। पार्टी संस्थापक ने कहा कि उनकी पार्टी का यह दूसरा स्थापना दिवस मनाया है। उन्होंने कहा कि गरीबों,शोषितों और जरूरत मंदों के दर्द को समझना और उसका निवारण करने का काम उनकी पार्टी करेगी। स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी अध्यक्ष ने कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकताओं से अपील की सभी लोग पार्टी के विस्तार कार्य में लग जाय। प्रजातांत्रिक भ्रष्टाचार निवारण पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी के सलाहकार आशाराम यादव (पूर्व प्रधान), अमेठी जनपद से पूर्व सैनिक राजेन्द्र कुमार, बलिया जनपद से पूर्व सैनिक जितेंद्र कुमार, सन्दीप कुमार, देशराज, विनोद कुमार, प्रेम चंद रावत, सुरेश वर्मा, गुड्डू वर्मा, बाबू यादव, राजेन्द्र कुमार, मनोज यादव, दयाराम यादव, गुरु प्रसाद, शिवम वर्मा, प्रताप नारायन, रंजीत चौहान, दीपक, मंशाराम चौहान के अलावा अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# नेपाल से घुसपैठ कराकर आंतरिक सुरक्षा पर हमले की थी साजिश, प्रदेश में सतर्कता बढ़ी

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ : भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बढ़े तनाव के बीच में प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा पर भी हमले की तैयारी का इनपुट मिला है। नेपाल सीमा से भी देश में घुसपैठ कराकर किसी बड़ी आतंकी घटना की साजिश रची गई थी।

खुफिया एजेंसियों को इसके पुख्ता इनपुट मिले थे कि आइएसआइ देश की आंतरिक सुरक्षा बिगाड़ने के लिए उत्तर प्रदेश से सटी नेपाल सीमा का इस्तेमाल घुसपैठ के लिए कर रहा है। यही वजह है कि नेपाल सीमा से सटे जिलों में हर आने-जाने वाले की गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में आतंकी संगठनों व आइएसआइ का गहरा नेटवर्क रहा है।

अतीत में नेपाल की सीमा के रास्ते प्रदेश में घुसपैठ कराना आसान भी रहा है। आइएसआइ इस सीमा को मादक पदार्थों व जाली नोट की तस्करी से लेकर टेरर फंडिंग के लिए भी प्रयोग करता रहा है। फिलहाल नेपाल सीमा के सभी चेक पोस्ट पर पूरी मुस्तैदी बरते जाने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि इसे लेकर अधिकारी कुछ बोलने से कतरा रहे हैं।

नेपाल सीमा से सटे जिलों में बड़े पैमाने पर फंडिंग की जाती रही है। वर्ष 2019 में नेपाल के जरिये टेरर फंडिंग की रकम उत्तर प्रदेश में सप्लाई करने वाला बड़ा गिरोह पकड़ा गया था। नाइजीरिया के निवासी चिनवेउबा एमेका माइकल, पीटर हरमन अस्सेंगा व अर्जुन अशोक खराडे को मुंबई में गिरफ्तार किया गया और तीनों से पूछताछ में टेरर फंडिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई थीं। इससे पहले गुवाहटी में पकड़े गए आइएस के भारत प्रमुख हरीश फारुकी उर्फ हरीश अजमल फारुकी के इशारे पर ही आतंकी संगठन का अलीगढ़ माड्यूल तैयार किए जाने की जानकारी भी सामने आई थी। फारुकी आइएस के अलीगढ़ माड्यूल के सक्रिय सदस्यों के साथ वाट्सएप ग्रुप पर जुड़ा था। एटीएस ने नवंबर 2023 में अलीगढ़ से आइएस के सक्रिय सदस्य अब्दुल्ला अर्सलान व माज बिन तारिक को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उनके कई और सक्रिय साथी पकड़े गए थे, जिनका नेटवर्क महाराष्ट्र, झारखंड व अन्य राज्यों में भी फैला था। झारखंड से गिरोह का सक्रिय सदस्य वजीहुद्दीन पकड़ा गया था, जिससे पूछताछ में सामने आया था कि वह अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) के छात्र संगठन से जुड़े युवकों के सीधे संपर्क में था और आइएस की विचाराधारा का प्रचार-प्रसार कर रहा था। देवबंद (सहारनपुर) भी घुसपैठियों का मुफीद ठिकाना रहा है। बांग्लादेशी व रोहिंग्या की नेपाल के रास्ते घुसपैठ कराए जाने से लेकर देवबंद में उन्हें शरण दिलाने से लेकर फर्जी दस्तावेज बनवाने तक के तथ्य सामने आ चुके हैं। जांच एजेंसियों को पूर्व में पकड़े गए ऐसे कई आरोपितों के नेटवर्क को नए सिरे से खंगालने में जुटाया गया है जो भारत-पाकिस्तान के बीच वर्तमान तनाव की स्थितियों का लाभ उठाकर आतंकी साजिश में जुटे थे।

# उत्तर प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे, इस महीने में आयोजित होगा वन महोत्सव कार्यक्रम

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। जुलाई के पहले सप्ताह में प्रदेश में वन महोत्सव मनाया जाएगा। 35 करोड़ पौधों के रोपण के लिए जिलेवार, विभागवार, ग्राम पंचायत स्तर व शहरी निकाय स्तर पर लक्ष्य तय किए जा रहे हैं। लक्ष्य तय करते हुए पौधरोपण की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। सबका साथ और सबके प्रयास से इस लक्ष्य को हासिल किया जाएगा। जिसके लिए सभी विभाग एकजुट होकर प्रयास करेंगे।

भारतीय वन स्थिति रिपोर्ट-2023 के मुताबिक उत्तर प्रदेश का वन आच्छादन 559.19 वर्ग किलोमीटर बढ़ा है, यह हरियाली के नजरिए से अच्छी खबर है। प्रदेश सरकार ने निर्देश दिए हैं कि वन महोत्सव में पौधरोपण के लिए सभी को उच्च गुणवत्ता के पौधे दिए जाएं।

जुलाई के पहले सप्ताह में एक से सात जुलाई तक वन महोत्सव कार्यक्रम से पहले पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर भी व्यापक स्तर पर पौधरोपण कराने की तैयारी की गई है। लक्ष्य हासिल करने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 14 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। ग्राम्य विकास विभाग 12.59 करोड़, कृषि विभाग 2.50 करोड़, उद्यान विभाग 1.55 करोड़, पंचायती राज विभाग 1.27 करोड़ तथा राजस्व विभाग 1.05 करोड़ पौधे रोपित करेगा। अन्य विभाग भी मिले लक्ष्य को हासिल करने के लिए पौधरोपण कराएंगे। प्रदेश सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पौधरोपण हर जगह हो जिससे पूरे प्रदेश में हरियाली नजर आए। वन भूमि, ग्राम पंचायत व सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेसवे व नहरों के किनारों पर, विकास प्राधिकरण औद्योगिक परिसर, रक्षा-रेलवे की भूमि, चिकित्सा संस्थान-शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय विभागों की भूमि के साथ ही किसानों का सहयोग लेते हुए उनकी निजी भूमि तथा लोगों के निजी परिसर में पौधरोपण कराने की तैयारी है।

# प्राथमिक विद्यालय में माता उन्मुखीकरण के अंतर्गत मनाया गया मदर्स डे

**अमन लेखनी समाचार**



गोसाईगंज।पीएम श्री प्राथमिक माता उन्मुखी कारण विद्यालय मलौली में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत मदर्स डे बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा श्रीवास्तव की मां गायत्री श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। उन्हीं के द्वारा केक भी काटा गया। मां के संदर्भ में बच्चों द्वारा खूबसूरत सी प्रस्तुतिया भी प्रस्तुत की गई।इसी मौके पर माताओं को टीका लगाकर उनके चरण स्पर्श करके बच्चों द्वारा आशीर्वाद भी लिया गया। लाला महादेव प्रसाद वर्मा डिग्री कॉलेज की छात्राओं द्वारा खूबसूरत सी नुक्कड़ नाटिका ₹मोबाइल के दुष्प्रभाव₹ भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से श्रीमती सीमा श्रीवास्तव और उनकी मां श्रीमती गायत्री श्रीवास्तव के अतिरिक्त नोडल बाल वाटिका शिक्षिका श्रीमती शोभा देवी उमराव, श्रीमती दीपशिखा गोस्वामी, लाल बहादुर यादव, एस एम सी अध्यक्ष श्रीमती कंचन गुप्ता, एस एम सी उपाध्यक्ष श्रीमती रीमा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती पूनम मिश्रा, श्रीमती अपूर्वा, लाला गणेश डिग्री कॉलेज से श्रीमती नीलू वत्स, विनोद कश्यप, बी एल एड की छात्राएं और बच्चों की माताएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।जलपान के उपरांत हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ।

# दबंगों ने दिव्यांग युवती से किया छेड़छाड़, विरोध करने पर धारदार हथियार से किया हमला

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर इलाके की एक महिला ने थाना क्षेत्र के छुहारा खेड़ा में रहने वाले रोहित, साहिल और शिवा के खिलाफ बेटी से छेड़छाड़ कर गाड़ी के अंदर खींचने और विरोध करने पर धारदार औजार से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित महिला का कहना है कि उसकी 19 वर्षीय बेटी दिव्यांग है, वह ना तो बोल पाती है और ना ही सुन पाती है। आरोप लगाया कि शुक्रवार दोपहर 1 बजे रोहित, साहिल और शिवा उसके घर पहुंचे, लेकिन लौट गए। आरोप लगाया कि दोबारा तीनों आरोपी चार पहिया वाहन से शराब के नशे में धुत होकर उसके घर पहुंचे और उसकी दिव्यांग बेटी का हाथ पकड़ कर गाड़ी के अंदर खींचने लगे। युवती के चिल्लाने पर जब परिवार के लोग बाहर निकले, तो आरोपी युवती को घसीट कर गाड़ी के अंदर डालने की कोशिश कर रहे थे। पीड़ित परिवार ने उनसे बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे सभी लोग लहूलुहान हो गए। बाद में घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। इसकी भनक लगते ही सभी आरोपी वहां से भाग निकले। फिलहाल बिजनौर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गोसाईगंज में बन रहे रेलवे ओवरब्रिज का सपा सांसद ने किया निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**



गोसाईगंज। मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र के सांसद आर के चौधरी ने शनिवार को गोसाईगंज कस्बे में निमार्णाधीन रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया।इस मौके पर सांसद के साथ मोहनलालगंज के पूर्व विधायक अंब्रीश सिंह पुष्कर, पीडब्ल्यूडी के एक्सियन आकाश कुमार यादव समेत अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सांसद ने कस्बे में ओवरब्रिज निर्माण कार्य के चलते रोड पर हो रहे जलभराव और नागरिकों को हो रही अन्य समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्या का अतिशीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों की ओर से आश्वस्त किया कि जून में बरसात शुरू होने से पहले जलभराव की समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। इस अवसर पर सपा प्रदेश सचिव महताब सिंह यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष आशिक अली, विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, संतोष रावत, प्रधान सर्वेश कुमार, दिनेश यादव, उत्कर्ष पटेल, मनोज कुमार रावत, सपा सभासद श्यामेंद्र कुमार मिश्रा श्यामू, मायाराम वर्मा, मोहन प्रधान, फरमान वारसी, संतराम रावत, हरीशंकर रावत, सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुरनरी गांव में एक परचून की दुकान से 55 वर्षीय दुकानदार का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान धीर सिंह पुत्र हरिराम सिंह के रूप में हुई है। घटना का पता तब चला जब सुबह दुकान का शटर नहीं खुला। परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा तो धीर सिंह का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। इसके बाद तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सदर कोतवाल प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का सटीक कारण पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, युवक की हालत गंभीर

सफीपुर, उन्नाव। दो बाइकों की आमने सामने भिंडत में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सी एच सी लाया गया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते युवक को जिला अस्पताल भेज दिया थाना आसीवन क्षेत्र के बनौनी निवासी मुनेश्वर 50 वर्ष शंकर अपने साढू ब्रजेश के साथ बाइक से उन्नाव की ओर जा रहा हरदोई उन्नाव मार्ग थाना माखी क्षेत्र के चकलवंशी के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर हो गई जिससे मुनेश्वर घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर लाया गया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते उसे जिला अस्पताल भेज दिया वही ब्रजेश को मामूली चोटें आईं जब की दूसरा बाइक सवार युवक बाइक समेत मौके से भाग निकला।

### सिम से फजीर्वाड़ा करने पर टेलीकॉम की दुकान पर पहुंची सीबीआई की टीम

सुमेरपुर, उन्नाव। कस्बा भगवंतनगर के एक टेलिकाम दुकानदार द्वारा सिम से फजीर्वाड़ा करने पर सी बी आई दिल्ली से आई टीम ने गहन पूछताछ की। सी बी आई आने की सूचना पर अन्य टेलीकॉम दुकानदार दुकान बंद कर भाग खड़े हुए। कस्बा भगवंतनगर के गल्ला मंडी में मास्टर टेलीकॉम के नाम से मोबाइल की दुकान संचालित है। वार्ड नं-5 निवासी आशीष ठठेर ही दुकान चलाते है। शनिवार सुबह 9 बजे ही दुकान खुलते ही सी बी आई टीम दुकान पहुँच गयी। दुकानदार से करीब 3 घंटे तक गहन पूछताछ की। दुकानदार ने एक वर्ष पुर्व नीरज पाल के नाम से सिम निकाला था। इस सिम से दिल्ली में फजीर्वाड़ा हुआ जिसकी जांच हेतु सी बी आई टीम भगवंतनगर आयी थी। सी बी आई टीम ने पांच दिन बाद दिल्ली ऑफिस में दुकानदार को बुलाया है। सी बी आई के रेड की खबर पाते ही अन्य मोबाइल टेलीकॉम दुकानदार दुकान बंद कर रफूचक्कर हो गए। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया सी बी आई दिल्ली से आई टीम ने दुकानदार से पूछताछ करने के लिए दिल्ली ऑफिस बुलाया है।

## दीप प्रज्वलित कर लोक अदालत कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को लोक अदालत की शुरूआत हुई। जिला जज वाणी रंजन अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। न्यायालय में कुल 10 खंडपीठों का गठन किया गया है। इन खंडपीठों में राजस्व, पारिवारिक, विद्युत, बैंक ऋण और मोटर दुर्घटना प्रतिकर जैसे मामलों की सुनवाई हो रही है। श्रम विवाद, चेक बाउंस, सिविल व आपराधिक प्रकृति के सुलह योग्य मामले भी शामिल हैं। जिला जज वाणी रंजन अग्रवाल ने कहा कि लोक अदालतें न्यायिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यहां बिना अधिक खर्च और लंबी प्रक्रिया के मामलों का समाधान होता है। आयोजक मंडल के अनुसार इस विशेष लोक अदालत में 60 हजार से अधिक मामलों को चिन्हित किया गया है। अधिकांश मामलों में आपसी सहमति से निपटारे की संभावना है। कई मामलों में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो चुका है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि लोक अदालतें न्यायपालिका और जनता के बीच सेतु का काम करती हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने विवादों का समाधान आपसी समझौते और लोक अदालत के माध्यम से करें। न्यायालय में सुबह से ही पक्षकारों की भीड़ देखी गई। त्वरित समाधान के लिए न्यायिक अधिकारियों के साथ संबंधित विभागों के अधिकारी और बैंक प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिले के तमाम न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायालय कर्मचारी व पक्षकार उपस्थित रहे। लोक अदालत का यह आयोजन शाम तक जारी रहेगा और इसके अंत में निष्पादित मामलों की संख्या को सार्वजनिक किया जाएगा। इस पहल से न्याय की प्रक्रिया को गति मिलेगी और लोगों का विश्वास न्याय व्यवस्था में और प्रगाढ़ होगा।

## सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर निवासी अर्पित पंडित ने अपने फेसबुक पेज 'अर्पित पंडित भगवा' से यह विवादित पोस्ट किया था। पुलिस कर रही मामले की जांच पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पोस्ट वायरल होने के बाद समाजवादी पार्टी कार्यकताओं में आक्रोश फैल गया था। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पीके मिश्रा के अनुसार, तकनीकी सेल की मदद से पोस्ट की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगा रही है कि क्या इस पोस्ट के पीछे किसी राजनीतिक संगठन या अन्य व्यक्तियों की भूमिका है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी ने पहले भी ऐसी कोई टिप्पणी की है या नहीं। आरोपी पक्ष का कहना है कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मामला है। इसे राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। पुलिस ने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

## प्रतिभावान छात्र छात्राओं को विधायक ने प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

**अमन लेखनी समाचार**



सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्र के बड़ादेव बम्हना स्थित श्रीमती स्वर्णलता स्मारक इंटर कॉलेज में शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। श्रीमती स्वर्णलता अवस्थी मेमोरियल सोसायटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सफीपुर विधायक बंबा लाल दिवाकर ने छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न प्रदान किए। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से पढ़ाई करने की सलाह दी। विधायक ने पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रदीप शुक्ला, अनूप सिंह चंदेल, अभिज्ञान तिवारी, नागेन्द्र सिंह, अमरनाथ पांडेय, लकी रावत आदि मौजूद रहे। कॉलेज के प्रधानाचार्य आर.बी. सिंह और प्रबंधक एस.के. अवस्थी ने पुष्पगुच्छ से विधायक का स्वागत किया। प्रबंधन ने कहा कि मेधावी छात्रों का सम्मान अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनता है। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक और छात्र मौजूद रहे। क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना था।

## फेक आईडी बनकर युवती की अश्लीलता भरी फोटो किया वायरल, दर्ज हुआ मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत एक गाँव से युवती ने फेक आईडी बनाकर गलत तस्वीरें वायरल करने एवं शादी का दबाव बनाने व शादी न करने पर मार कर नीले ड्रम में भरने की धमकी दिए जाने पर युवक पर मुकदमा दर्ज कराया है। थाना बिहार के एक गांव से युवती ने तहरीर देकर बताया कि उसकी मां की मौत तब हो गयी थी जब वह डेढ वर्ष की थी। तभी से वह अपने ननिहाल थाना बिहार के एक गाँव में रह कर स्नातक तक पढ़ाई की। इस समय वह दिल्ली में रहकर एक कम्पनी में नौकरी करती है लगभग एक वर्ष पूर्व रिश्तेदारी का लड़का सुमित सिंह उर्फ लाला पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम धानीखेड़ा थाना बारासगवर से जान पहचान होने के कारण आपस में बातचीत होने लगी। इसी बीच उसकी शादी तैय हो गयी जब यह बात सुमित सिंह उर्फ लाला को पता चली तब उसने शादी न करने का दबाव बनाया और कहा यदि मुझसे शादी नही किया तो तुम्हे व तुम्हारे पूरे रिश्तेदारो को जान से मारकर ड्रम में भरकर कही फेंक देंगें। इसी बीच सुमित ने फेक आई डी बना कर मेरे गन्दे गन्दे चित्र इन्स्ट्राग्राम में डालकर वायरल कर रहा है जिससे उसकी शादी टूट गयी है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया पीड़िता की तहरीर के आधार पर नामित युवक के विरुद्ध आपराधिक धमकी देने, आपत्तिजनक फोटो वायरल करने सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## आपरेशन सिंदूर के पूर्ण सफल होने हेतु आचार्यो व राष्ट्र भक्तो के साथ किया हवन

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। नगर के रेलवे स्टेशन के पास स्थिति श्री हरे हरेश्वर मंदिर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के खात्मे के लिए भारतीय सेनाओ द्वारा चलाये जा रहे ₹ आपरेशन सिंदूर ₹ को पूर्ण सफल बनाने व भारतीय सेना को पाकिस्तान के विरुद्ध असाधारण शौर्य प्रदर्शित कर आतंक वाद की जमीन को मिटटी में मिलाने के लिए 21 आचार्यो द्वारा राष्ट्र भक्तो के साथ नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने किया हवन क

विमल द्विवेदी ने कहा कि भारत के 140 करोड़ लोग भारत सरकार व भारतीय सेनाओ के साथ है आतंकवाद की फैक्ट्री पाकिस्तान पर ₹ आपरेशन सिंदूर ₹के तहत ताला लगना तय है और संभव है कि पाकिस्तान 1971 की तरह बलूचिस्तान नाम के एक देश को जन्म दे उसकी प्रसव पीड़ा शुरू हो चुकी है इस अवसर पर पंडित सागर तिवारी ,पंडित प्रशांत तिवारी ,पंडित हिमांशु पांडेय ,पंडित विवेक अवस्थी ,पंडित स्वेतांक अवस्थी ,पंडित शोभित तिवारी ,पंडित शिवांशु तिवारी ,पंडित दीप प्रकाश शुक्ला ,पंडित अंकुर तिवारी ,पंडित राघवेंद्र शुक्ला ,पंडित ज्ञानेंद्र शुक्ला ,पंडित विजय अवस्थी ,पंडित अंकुर पांडेय ,पंडित कृष्ण तिवारी ,पंडित प्रभाकर मिश्रा ,अभिशेष चंचल ,जिला संयोजक अजय त्रिवेदी ,अवनीश चक्र धारी ,अनुज ,शिवसेवक त्रिपाठी ,ऋषभ ,राकेश राजपूत सहित सैकड़ो राष्ट्र भक्तो ने आपरेशन सिंदूर के पूर्ण सफल होने हेतु डाली आहुतिया

## सांसद का दावा जिस दिन चाहेंगे अखिलेश यादव व उनका परिवार भाजपा में होगा शामिल

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने शनिवार को एक बड़ा दावा किया। उन्होंने अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह जिस दिन चाहेंगे, उस दिन अखिलेश यादव और उनका पूरा परिवार भाजपा में शामिल हो जाएगा। साक्षी महाराज ने कहा कि अगर भाजपा में नहीं आए तो वे एनडीए के साथ जरूर जुड़ेंगे। उन्होंने अखिलेश के परिवार से अपने करीबी रिश्तों का जिक्र करते हुए खुद को उनके परिवार का मुखिया बताया। यह बयान सपा प्रमुख अखिलेश यादव के उस तंज के जवाब में आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि साक्षी महाराज उनके अनुरोध पर सपा में आ जाएंगे। जाति जनगणना पर बोलते हुए साक्षी महाराज ने कहा कि वह खुद ओबीसी समाज से हैं। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से जाति जनगणना के लिए प्रयास किया है। उनका मानना है कि इससे समाज के



वंचित वर्गों को मजबूती मिलेगी। साक्षी महाराज ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उनका दावा है कि 2024 में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी।

## बीएसए ने खुद के प्रयास से केजीबीवी एफ-84 में भी स्थापित किया डांस व म्यूजिकल लैब

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। सिकंदरपुर सरोसी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह के द्वारा डांस और म्यूजिकल लैब स्थापित करवायी गयी थी। केजीबीवी सरोसी की तर्ज पर जनपद के एफ-84 ब्लॉक में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में भी म्यूजिकल लैब स्थापित की गयी है। जिसका उद्देश्य केजीबीवी और जूनियर स्कूलों में अध्ययनरत बच्चियाँ शास्त्रीय संगीत और नृत्य आदि सीख सकें। जिसमें शास्त्रीय नृत्य और संगीत के लिए ढोलक, तबला, सितार, बांसुरी, घुंघुरू, सारंगी, हरमोनियम जैसे सारे वाद्ययंत्रों की उपलब्धता कराई गई है। केजीबीवी एफ-84 में पढ़ने वाली बालिकाएं अब शास्त्रीय नृत्य और संगीत में दक्ष होंगी। जिसके तहत शनिवार को शास्त्रीय नृत्य और सुर संगीत की सभा आयोजित की गयी।

बतातें चलें कि परिषदीय और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। केजीबीवी और जूनियर स्कूलों की बालिकाओं को शास्त्रीय संगीत और नृत्य सीखवाने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह ने यह कदम उठाया है। उन्होंने खुद के प्रयास और सहयोग से सबसे पहले केजीबीवी सरोसी और अब केजीबीवी एफ-84 में दूसरी म्यूजिकल लैब की स्थापना की है। जिसके तहत अपने बच्चों को स्टेट लेबल तक आयोजित प्रतियोगिताओं में भेजा जा सके। केजीबीवी में अब कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा लेने के साथ यहां की बालिकाएं संगीत और नृत्य के क्षेत्र भी दबदबा कायम कर सकेंगी। बीएसए संगीता सिंह ने बताया कि सिकंदरपुर सरोसी और एफ-84 में म्यूजिक लैब से संबंधित टीचर मिले हैं वहाँ पर डांस और म्यूजिकल लैब स्थापित करा दी हूँ। जनपद के और जिस- जिस ब्लॉक के केजीबीवी और जूनियर स्कूलों में म्यूजिकल लैब हेतु रूम और अतिरिक्त रूम और अन्य सुविधाएं व टीचर मिलते जायेंगे वहाँ-वहाँ पर डांस और म्यूजिकल लैब स्थापित कराने का प्रयास हैं। केजीबीवी और जूनियर स्कूलों में अध्ययनरत बच्चियों को शास्त्रीय संगीत और नृत्य आदि सिखाने के लिये जिलाधिकारी महोदय की अनुमति से जो टीचर इस सुविधा हेतु निपुण होंगे उनको हफ्ते में दो दिन स्थापित की गयी म्यूजिकल लैब में अटैच कराऊंगी।

## मर्जिनल बांध का तेजी से चल रहा निर्माण कार्य

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। शुक्लागंज रविदास नगर के पास मर्जिनल बांध का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। सिंचाई विभाग ने बरसात से पहले कटान रोकने के लिए आठवीं जियो ट्यूब का काम शुरू कर दिया है। इससे पहले सात जियो ट्यूब पहले ही लगाई जा चुकी हैं। शुक्लागंज के रविदास नगर, संग्राम खेड़ा, गंगाघाट और रामनगर में हर साल बाढ़ की समस्या आती है। गंगा का जलस्तर बढ़ने से कटान होता है। इससे नदी किनारे रहने वाले हजारों लोगों की जान और संपत्ति को खतरा रहता है। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता ने बताया कि जियो बैग भी लगाए जा रहे हैं। ये बैग बाढ़ के दौरान तेज बहाव से मिट्टी के कटान को रोकते हैं। इस तकनीक से पानी की दिशा नियंत्रित होती है। साथ ही तटबंध मजबूत होता है। बांध निर्माण में जियो ट्यूब तकनीक पिछले कुछ सालों में कारगर साबित हुई है। रेत और सीमेंट से भरे ये ट्यूब किनारों पर विशेष तरीके से लगाए जाते हैं। विभाग का कहना है कि बाढ़ से पहले काम पूरा कर लिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य पर संतोष जताया है। रविदास नगर के रामशंकर ने कहा कि हर साल बाढ़ का डर रहता था। इस बार प्रशासन समय रहते काम करवा रहा है। लोगों की मांग है कि काम समय पर पूरा हो और गुणवत्ता बनी रहे।

## रेलवे पटरी के पास झाड़ियों में मिला अज्ञात युवक का शव, मचा हड़कंप



**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में शांति कोल्ड स्टोरेज के सामने रेलवे पटरी के पास झाड़ियों में एक लगभग 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला शव की खबर सुनते ही आस पास के लोगों की भीड़ मौके पर इकठ्ठा हो गई शनिवार दोपहर साढ़े बारह बजे स्थानीय लोगों ने झाड़ियों से आ रही बदबू की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को शव के पास से देसी शराब दीवाना ब्रांड के तीन पौवे पुलिस को मिले पुलिस के अनुसार शव करीब दो से तीन दिन पुराना है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई मृतक पीली टीशर्ट व डार्क रंग की पैंट पहने हुए हैं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में सूचना भेजी गई है। पुलिस मामले की हर दिशा में जांच पड़ताल कर रही है।

## कम रुपया देकर वृद्ध महिला से करा लिया जमीन का बैनामा, पीड़िता ने दिया एसपी को शिकायत पत्र

**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। वृद्ध महिला से तीन बीघे जमीन की धोखाधडी कर बीस हजार रुपए देकर रजिस्ट्री करवा ली, महिला ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। कोतवाली क्षेत्र ऊंचाद्वार गांव निवासी सुंदारा उर्फ गंगादेई 75 वर्ष ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीबीपुर चिरियारी गांव के बाहर तीन बीघे जमीन है जिसको बेचने के लिए स्थानीय क्षेत्र के बारा खेड़ा गांव निवासी उदय वीर, हरिपाल, आशुतोष आए और लखनऊ जनपद थाना बंथरा निवासी जितेंद्र थारू के हाथो 6 अक्टूबर 2023 को जमीन की बिक्री 4765000 रुपए में करवा दी, क्रेता जितेंद्र थारू ने सब रजिस्टर के वहा जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली, लेकिन क्रेता ने रजिस्ट्री के समय विक्रेता को नकद मात्र बीस हजार रुपए देकर अन्य तीन चेक बीस बीस लाख लाख की दो चेक व 765000 की एक थमा दी, विक्रेता ने जब बैंक में चेक लगाई तो तीनो चेक बाउंस हो गई , पीड़िता ने आरोप लगाया कि क्रेता ने धोखाधडी कर रजिस्ट्री कराते समय चेक का कोई जिक्र नहीं किया, विक्रेता जब क्रेता के पास रुपए मांगनी गई तो गाली गलौज कर भगा दिया। पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ल ने बताया कि प्रार्थना पत्र आने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम समाज के तालाब पर किया अवैध खनन, दर्ज हुआ मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के मवई ब्रह्मनान में कार्यरत लेखपाल शशांक शेखर ने सफीपुर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि ग्राम पंचायत के अभिलेखों में दर्ज तालाब में अवैध खनन किया गया है। अवैध खनन कार्य दाई संस्था पटेल इंफ्रास्टक्चर के ठेकेदार सृजन यादव ने कराया है। जिससे राजस्व का नुकसान हुआ है। जिसपर पुलिस ने ठेकेदार पर राजस्व को नुकसान पहुंचाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की एसडीएम प्रज्ञा पांडेय ने बताया कि सरकारी तालाब में अवैध खनन किए जाने पर ठेकेदार पर लेखपाल ने रिपोर्ट दर्ज करा कर कार्रवाई की गई है। अवैध खनन पर लगातार कार्रवाई की जायेगी।

## आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए मॉकड्रिल का किया गया आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। शनिवार शाम को पुलिस लाइन परिसर में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस, दमकल विभाग, एनसीसी कैडेट्स और रिटायर्ड सैन्यकर्मियों ने हिस्सा लिया। मॉकड्रिल में आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड की कार्रवाई का प्रदर्शन किया गया। घायलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने और भीड़ नियंत्रण की रणनीति भी दिखाई गई। प्रतिभागियों को आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि आपात स्थिति में तत्परता और प्रशिक्षण से जान-माल की रक्षा की जा सकती है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय की सराहना की। कार्यक्रम में एडीएम सुशील कुमार गोंड, एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ सोनम सिंह और एडीएम क्षितिज द्विवेदी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्रतिभागियों को आवश्यक सुझाव दिए। मॉकड्रिल के दौरान आम नागरिकों को आपदा के समय उठाए जाने वाले कदमों और प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी गई। इस सफल आयोजन से स्पष्ट हुआ कि उन्नाव प्रशासन आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।



## रेलवे ट्रैक के पास लगी आग दमकल विभाग ने पाया काबू

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। लखनऊ-कानपुर रेलवे रूट पर शनिवार दोपहर को गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास डाउन लाइन के किनारे आग लग गई। आग की लपटें जल्द ही रेलवे ट्रैक के नजदीक तक पहुंच गईं। रेलवे प्रशासन ने तुरंत उन्नाव दमकल विभाग को सूचित किया। घटना छमक नाली पुलिस चौकी क्षेत्र के पास, 108 छमकनाली प्वाइंट के नजदीक हुई। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। इस दौरान रेल यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। सुरक्षा जांच के बाद ट्रेनों का संचालन सामान्य रूप से जारी रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह आग जानबूझकर लगाई गई है। इस इलाके में पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। ट्रैक को नहीं हुआ नुकसान अधिकारी आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आग से ट्रैक को कोई नुकसान नहीं हुआ है। यात्रियों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या रेलवे कर्मचारियों को देने को कहा गया है।

## सम्पादकीय

# ऑपरेशन सिंदूर से आतंक पर भारत का करारा प्रहार

भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों के नौ ठिकानों को ध्वस्त करके पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। हमारी सेना ने ऑपरेशन सिन्दूर के जरिये अपना शौर्य दिखाया और पाकिस्तान की सीमा में घुसे बगैर पिन प्वाइंट करके टार्गेट पर सटीक हमला किया। ये हमले पीओके और पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों पर किए गए। इनमें कई आतंकियों की जान भी गई है। भारत ने इस सैन्य ऑपरेशन से आतंकी गुटों और इसके सरपरस्तों को करारा जवाब दिया है कि वे भारत पर हमला करके बच नहीं सकते हैं। नया भारत शांति के पुजारी के साथ-साथ दुश्मनों को नेस्तनाबूद करने की क्षमता भी रखता है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने निहत्थे बेकसूर पर्यटकों के समूह पर धर्म पूछकर हिंदुओं पर हमला किया, जिसमें 26 पर्यटक व एक स्थानीय नागरिक मारे गए। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली। टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का छद्म गुट है। इससे साफ हो गया था कि पहलगाम में टीआरएफ के आतंकी हमले पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों की करतूत है। पाकिस्तान में लश्करे तैयबा, जैश ए मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आधा दर्जन आतंकी गुट पाकिस्तान एटाब्लिशमेंट की सरपरस्ती में भारत में आतंकी हमले में लिप्त है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंक की नस काटने के लिए अनेक कदम उठाए। सिंधु जल संधि को निलंबित किया, चिनाब का पानी रोका, अटारी व वाघा सीमा को बंद किया, पाकिस्तान के नागरिकों को भेजा, पाक उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 30 तक सीमित की, ट्रेड पूरी तरह बंद किया, हवाई क्षेत्र बंद किए, पाक के यूट्यूब चैनल ब्लॉक किए गए। इसके बाद आखिर में सेना ने पाक स्थित आतंकी अड्डों को एयर स्टाइक करके नेस्तनाबूद किया। इस दौरान भारत ने ध्यान रखा है कि पाक के सामान्य नागरिकों, पाक फौज के क्षेत्र और पाक के सरकारी प्रतिष्ठानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। इसके बाद से बौखलाया पाकिस्तान सीमा पार से एलओसी पर लगातार सीज फायर का उल्लंघन कर गोलीबारी कर रहा है, जिसमें करीब 15 भारतीय नागरिक मारे गए हैं, भारत इस गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। देश इस वक्त हाई अलर्ट पर है और पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस के लिए तैयार है। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई हमेशा जारी रखेगा और आतंक के आकाओं का खात्मा करता रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित पीओके में मुजफ्फराबाद स्थित लश्कर के सवाई नाला ट्रेनिंग सेंटर, सैयदना बिलाल कैंप, कोटली का लश्कर का गुरपुर कैंप, अब्बास कैंप, भिम्बर का बरनाला कैंप, सियालकोट का सरजल कैंप व हिजबुल महमूना जाया कैंप, मुरीदके का मरकज तैयबा कैंप, बहावलपुर में जैश का हेडक्वार्टर मस्जिद सुभान अल्लाह जैसे अहम आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके दहशतगर्दी के ढांचे की कमर तोड़ी गई है। आतंक के इन्हीं अड्डों से भारत के खिलाफ आतंकवादी कुकृत्यों को अंजाम दिए जाते रहे हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को नष्ट करने और भविष्य में ऐसे किसी हमले को रोकने के लिए 'नपी-तुली, टकराव को न बढ़ाने वाली, संतुलित और जिम्मेदाराना' कार्रवाई की। भारत ने आतंकियों को कड़ा सबक सिखाया है। भारत ने मिसाइल हमले कर बता दिया है कि हमारा दायरा सीमित नहीं है, आतंक के खिलाफ हम कहीं भी कार्रवाई कर सकते हैं।



**ऑपरेशन सिंदूर**

विकेश कुमार बडोला

> भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने ये हमले केवल और केवल उन आतंकी ठिकानों पर किये हैं जो पहलगाम समेत भारत के अन्य क्षेत्रों पर किये जाते रहे आतंकी हमलों के मुख्यालय के रूप में कार्यरत थे। सेना ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में यह भी स्पष्ट किया है कि भारत ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तान गणतंत्र के किसी भी राजनीतिक, सैन्य या अन्य आधिकारिक प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया है। सेना और भारतीय शासन के माध्यम से इस कार्रवाई के बारे में दुनिया के उत्तरदायी देशों और संस्थाओं को भी यथासंभव माध्यम से सूचित कर दिया गया है। हमले के चलते पाकिस्तान ने अपने लाहौर व सियालकोट दोनों एयरपोर्ट का परिचालन बंद कर दिया है।

# आतंक के आकाओं को सिखाया सबक

पहलगाम नरसंहार के बाद भारतवर्ष के समक्ष अपनी लोकतांत्रिक और सर्वोपरि सैन्य अस्मिता की रक्षा करने की चुनौती थी, जो उसने अपनी वायु सेना के अदम्य पराक्रम की सहायता से मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि के बाद एक बजे पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर के नौ ठिकानों पर हवाई हमला करके समाप्त कर दी। जिन क्षेत्रों पर प्रक्षेपास्त्र अस्त्र छोड़े गये हैं वे बहावलपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद में स्थित हैं। यही वे ठिकाने हैं जहां से भारत पर आतंकी हमलों का षड्यंत्र किया जा रहा था और यहीं से प्रमुख आतंकवादियों द्वारा आतंकी हमलों के आदेश दिये जा रहे थे। हालांकि पाकिस्तान अखबार डॉन के अनुसार इस हमले में 3 लोगों की मौत हुई है और 12 लोग घायल हुए हैं।

दूसरी ओर कल रात के प्रतिशोधपरक हमले के बाद भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने ये हमले केवल और केवल उन आतंकी ठिकानों पर किये हैं जो पहलगाम समेत भारत के अन्य क्षेत्रों पर किये जाते रहे आतंकी हमलों के मुख्यालय के रूप में कार्यरत थे। सेना ने अपने आधिकारिक वक्तव्य में यह भी स्पष्ट किया है कि भारत ने अपनी कार्रवाई में पाकिस्तान गणतंत्र के किसी भी राजनीतिक, सैन्य या अन्य आधिकारिक प्रतिष्ठान पर हमला नहीं किया है। सेना और भारतीय शासन के माध्यम से इस कार्रवाई के बारे में दुनिया के उत्तरदायी देशों और संस्थाओं को भी यथासंभव माध्यम से सूचित कर दिया गया है। जिन पाकिस्तानी क्षेत्रों पर हमला हुआ है चूंकि वे लाहौर व सियालकोट एयरपोर्ट के समीप हैं अतः पाकिस्तान ने अपने इन दोनों एयरपोर्ट का परिचालन बंद कर दिया है।

हमले की प्रतिक्रिया में पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि भारत ने पाकिस्तान के पांच स्थानों पर हमला किया है और वे इसका करारा जवाब देंगे। उनके अनुसार उन पर जंग थोपी जा रही है। दोनों देशों के बीच विगत एक पखवाड़े से चली आ रही युद्ध की आशंकाओं के बाद भारत की एयर स्ट्राइक के संबंध में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अपने अमेरिकी समकक्ष से भी बात की। इससे पहले शासन ने 6 मई को पाक के साथ भारत के संभावित युद्ध होने की स्थिति में भारत पर शत्रु देश के हमले की स्थिति में सार्वजनिक जनजीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत एक मॉक ड्रिल यानी सुरक्षा संबंधी पूर्वाभ्यास के बारे में भारतभर में जागरुकता संदेश प्रसारित किया है। यह अभ्यास 7 मई को अपराह्न व संध्याकाल में विधिवत ढंग से पूर्ण कर लिया गया है। पहलगाम नरसंहार के बाद पाकिस्तान तथा उसके आतंकवादियों पर भारतीय जनाक्रोश के बढ़ते रहने के कारण भारत के शासन पर जिस प्रकार शत्रु देश की शरण वाले आतंकवादियों व उनके ठिकानों को खत्म करने का उत्तरदायित्व आ पड़ा था, अंततः शासन ने अपना वह उत्तरदायित्व पूर्ण कर लिया है। इससे पहले एक गणतांत्रिक देश के समीचीन उत्तरदायित्वों का निर्वाह करते हुए भारत ने पहलगाम में अपने नागरिकों की क्रूरतम हत्याओं के बाद दोषी आतंकी गिरोहों की शरणस्थली में परिवर्तित पाकिस्तान को विभिन्न मोर्चों पर दबाने व अपमानित करने के भरसक प्रयास किये। आरंभ में अटारी-वाघा सीमा बंद करने, सिंधु जल समझौता निरस्त करने, समझौते के तहत निर्धारित



पाकिस्तान के हिस्से वाली नदियों के बांधों पर पानी रोकने, पाक राजनयिकों समेत नागरिकों को भारत छोड़ने और पाक से अपने राजनयिकों व नागरिकों को वापस बुलाने, उसके साथ हर तरह का आयात-निर्यात बंद करने, डाक कूरियर और पत्राचार सेवा बंद करने, अपने हवाई क्षेत्र को उसके लिए पूर्णतः बंद करने, वहां के विवादित यूट्यूब चैनलों सहित कई ट्विटर खातों को भारत में प्रतिबंधित करने, सिनेमा खेल इत्यादि अन्य क्षेत्रों में पारस्परिक संपर्क विच्छेद करने, इत्यादि अनेक ऐसे निर्णय पहलगाम हमले में दिवंगत अपने नागरिकों के गहन प्रतिशोध को इंगित करते हुए प्रतीत हुए थे। इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा की स्थायी व अस्थायी परिषदों में पाकिस्तान को आतंक पोषण-संरक्षण की उसकी करतूतों के लिए पूरी तरह उत्तरदायी ठहराने के बाद उस पर इन ऐसी संस्थाओं द्वारा भविष्य में लगाये जा सकने वाले हरसंभव प्रतिबंध के लिए जमीन तैयार करने के लिए भी भारत ने चाकचौबंद पूर्वव्यवस्था कर दी है।

पाकिस्तान की ओर बहने वाली सभी नदियों के बांधों के पानी को रोकने जैसे निर्णय अंततः पाकिस्तान में भयंकर उथल-पुथल मचायेंगे। विगत में 2019 के आसपास भारत ने एफएटीएफ के माध्यम से पाक को उसकी आतंकी करतूतों के लिए ग्रे सूची में डालने में सफलता पाई है, लेकिन एक बार यदि वह ब्लैक लिस्ट हो जाता है, तो दुनिया की किसी भी सार्वजनिक संस्था के माध्यम से उसे कर्ज नहीं मिल सकेगा। जो देश कर्ज के बूते ही किसी तरह अपनी नैया पार लगाने की जुगत में रहा है, उसके लिये यह कार्रवाई पूरी तरह बर्बाद होने की स्थिति ही होगी। फिलहाल पाकिस्तान के साथ चीन, तुर्की और अजरबेजान के अतिरिक्त कोई अन्य देश खड़ा दिखाई नहीं दे रहा। चीन भी केवल और केवल किंचित न्यून अप्रत्यक्ष रूप में इसलिए पाक के साथ खड़े होने का आभास करा रहा है क्योंकि चीन-पाक आर्थिक गलियारे में चीन द्वारा किये गये निवेश के तहत उसकी अनेक महत्वपूर्ण संरचनाएं पाक में स्थित हैं। चीन को केवल उन संरचनाओं की चिंता है ना कि पाकिस्तान के बर्बाद होने की। अर्थ-व्यापार के लिए भारत पर अत्यधिक निर्भर चीन के लिए संभव नहीं होगा कि वह पाकिस्तान के दीर्घकालीन सैन्य हितों अथवा भारत के साथ युद्ध में उलझने वाले पाकिस्तान के प्रत्यक्ष आर्थिक-सामरिक हितों के लिए उसका सीधा साथ दे सके। तुर्की भी कहीं न कहीं अपने किसी हित के लिए पाकिस्तान के समर्थन में कूदा हुआ है, जो अंततः पाक को पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ा हुआ ही दिखाता है। इसके विपरीत भारत की बढ़ती आर्थिक हैसियत और लगभग हर क्षेत्र में एक गहन उत्तरदायी गणतांत्रिक देश के रूप में प्रतिबिंबित भारतीय छवि के आकर्षण में बंधकर आज रूस, अमेरिका, जापान, फ्रांस बहुत हद तक भारत के साथ हैं।

जर्मनी, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, कोरिया, कनाडा, इत्यादि देश भी भारत की बढ़ते अर्थप्रभुत्व के कारण भारत के साथ ही हैं। फ्रांस के साथ तो पहलगाम नरसंहार के बाद भारत-पाक के मध्य उभरी युद्धक आशंकाओं के आलोक में भारत ने राफेल विमान खरीदने की 63000 करोड़ की डील को अंतिम रूप भी दे दिया है। रूस से भी भारत को एक मिसाइल प्रौद्योगिकी मिल चुकी है, जो शीघ्र ही भारतीय सैन्य बेड़े में सम्मिलित होगी। रूस के राष्ट्रपति पहलगाम हमले के बाद स्पष्ट रूप में वक्तव्य दे चुके हैं कि वे हर हालत में भारत के साथ हैं। जापान के रक्षा मंत्री ने भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ नई दिल्ली में प्रत्यक्ष भेंटवार्ता करते हुए स्पष्ट किया है कि उनका देश भारतीय हितों के साथ खड़ा है। इन परिस्थितियों में साफ-साफ दिखाई देता है कि पाकिस्तान के साथ चाहे सैन्य युद्ध की परिस्थितियां निर्मित हों चाहे कोई अन्य तरह का तनाव, भारत का पलड़ा बहुत भारी है।

**विश्लेषण**

विनोद पाठक



# पाक सेना की पकड़ से छूट रहा पाकिस्तान!

नौ मई 2023 का दिन पाकिस्तानी सेना कभी भूलेगी नहीं, उस दिन पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों ने पाकिस्तान में उस भ्रम को तोड़ दिया था कि वहां सेना को कोई चुनौती नहीं दे सकता। इमरान समर्थकों ने न केवल 20 से ज्यादा सैन्य और सरकारी भवनों पर हमला किया था, बल्कि रावलपिंडी में सेना के मुख्यालय में घुसकर तोड़-फोड़ की थी। तब एक तरह से पाकिस्तान की जनता का विश्वास अपनी सेना से उठ गया था। पाकिस्तानी सेना की इज्जत मिट्टी में मिल गई थी। ठीक दो साल बाद 6-7 मई की मध्यरात्रि को भी पाकिस्तान सेना भूलेगी नहीं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के ठीक दो सप्ताह बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान सेना के चेहरे से एक और नकाब उतार दिया है। यह स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान सेना की और दुर्गति देखने को मिलेगी। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान में नागरिक सरकार सिर्फ एक मुखौटा भर है। पाकिस्तान सेना ही देश को चलाती है। अपनी झूठी प्रतिष्ठा को बचाए रखने के लिए पाकिस्तान सेना केवल और केवल प्रोपेगेंडा का सहारा लेती है। 1965 के भारत-पाक युद्ध, जिसमें पाकिस्तान सेना की करारी हार हुई थी, में वो खुद को विजेता घोषित बताती आ रही है। हर वर्ष 6 सितंबर को 'रक्षा दिवस' या 'यौम-ए-दिफा' मनाती आ रही है, जबकि 1965 में तथाकथित मजबूत पाकिस्तान सेना की पोल 1971 में तब खुल गई थी, जब भारतीय सेना ने न केवल उसे पटखनी दी, बल्कि पाकिस्तान के दो टुकड़े भी करा दिए थे। 1971 भारत-पाक युद्ध के बाद पाकिस्तान सेना के जनरल जिया-उल-हक ने मार्शल लॉ लगाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। साढ़े चार दशक से पाकिस्तान की जनता अपनी सेना के झूठ को सच मानकर झूम रही थी, लेकिन अब लग रहा है कि जनता का मन सेना से भर गया है। बलूचिस्तान हो या खैबर पख्तूनख्वा या पाक अधिकृत कश्मीर, हर तरफ से पाकिस्तान सेना के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में सेना पर लगातार हमले हो रहे हैं। पाकिस्तानी सैनिक मारे जा रहे हैं। विद्रोह को दबाने के लिए पाकिस्तान सेना ने जुल्म की इंतहां की हुई है। जो कोई पाकिस्तान सेना के खिलाफ कुछ बोलता है, या तो वो जेल में होता है या देश छोड़कर उसे भागने पर विवश होना पड़ता है। पाकिस्तान सेना के कुछ और झूठों पर नजर डालते हैं। 2016 में उरी हमले के बाद भारतीय सेना की स्ट्राइक को पाकिस्तान सेना ने सिरे से नकार दिया था, जबकि उसे नुकसान हुआ था। 2019 में पुलवामा के बाद जब भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की तो पाकिस्तान सेना ने उसे बिना किसी नुकसान वाला बता डाला था, जबकि बालाकोट में जिस आतंकी ठिकाने पर भारतीय वायुसेना ने मिसाइल गिराई थीं, वहां चार महीने मीडिया को जाने नहीं दिया गया था। भारतीय एयर स्ट्राइक के अगले दिन पाकिस्तान वायुसेना ने जवाबी हमला किया था, जिसमें भारतीय वायुसेवा के पायलट अभिनंदन पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू जहाज का पीछा करते हुए एलओसी पार कर गए थे और उनके मिग-21 बाइसन ने एफ-16 को मिसाइल से शूट कर दिया था। हालांकि, अभिनंदन का विमान भी मिसाइल लगने से क्रैश हो गया था। पाकिस्तान सेना की सोशल मीडिया टीम यह भ्रम फैलाकर अपनी जनता को उल्लू बना रही है कि उसने भारतीय वायुसेवा के लड़ाकू जहाजों को गिराया है, जबकि भारत सरकार और सेना यह साफ कर चुकी है कि सभी पायलट सुरक्षित हैं। कोई जहाज नष्ट नहीं हुआ है। दरअसल, दुनिया में एक मजाक चलता है कि सभी देशों को फौज मिली है, लेकिन पाकिस्तान में फौज को एक देश मिला है। अपने फायदे के लिए पाकिस्तान सेना शुरू से वहां आतंक को पालती आ रही है। पाकिस्तान सेना के जनरलों ने अरबों अमेरिकी डॉलर आतंकवाद के नाम पर डकारे हैं। अब पाकिस्तान सेना का बुरा समय शुरू हो गया है। जिस आतंकवाद रूपी जहरीले सांप को उसने पाला था, वही उसे डस रहा है। पाकिस्तान सेना के खिलाफ देश के भीतर से आवाजें उठ रही हैं। बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा से बगावत के सुर बुलंद हो चले हैं।

## सिद्धार्थ से बुद्धत्व तक की यात्रा




संकलित

**दर्शन**

जन्म, संबोधि और निर्वाण- बुद्ध के जीवन की ये तीन महत्वपूर्ण घटनाएं वैशाख पूर्णिमा के दिन हुईं। यह सिद्धार्थ के बुद्धत्व तक की यात्रा है, जिसमें उन्होंने जन-कल्याण के लिए महानिर्वाण को भी त्याग दिया। बुद्ध का हृदय करुणाशील था, जैसे उनके हृदय में करुणा का सागर हिलोरें ले रहा हो। यह करुणा ही उनके सूत्रों को मानवता के कल्याण का प्रेरक बनाती है। उनका उद्देश्य केवल बाहरी दुनिया को बदलना नहीं था, बल्कि अंदर की स्थिति को बाहरी जगत से एकीकृत करना था। बुद्ध का एक प्रसिद्ध धम्मसूत्र है- मनुष्य का जीवित रहना भी दुर्लभ है, सद्धर्म का श्रवण करना भी दुर्लभ है और बुद्धों का उत्पन्न होना भी दुर्लभ है। मनुष्य होना इतना आसान नहीं है, इतना सरल नहीं है। हालांकि हमें यही लगता है कि डेढ़ अरब से अधिक जनसंख्या अकेले भारत की ही है। इसका मतलब मानव जन्म सुलभ है, तभी तो सब पैदा हो गए। पर बुद्ध ने कुछ सोच-समझकर ही ऐसा कहा होगा क्योंकि बुद्ध ऐसे व्यक्ति हैं, जो सिर्फ बोलने के लिए कोई बात नहीं बोलते, बल्कि विज्ञान, तर्क, बुद्धि, विवेक आदि का उपयोग करने के बाद ही मुख से वचन निकालते हैं। उनके कहने का अभिप्राय यह है कि सिर्फ मनुष्य का शरीर पाया तो क्या पाया, अगर मनुष्यता नहीं पाई तो मनुष्य कहां से हुआ! मनुष्य शरीर कीमती है, निश्चित ही कीमती है, लेकिन मनुष्य का शरीर मिल गया, अब और कुछ नहीं चाहिए; ऐसा नहीं है। जैसे गुलाब का बीज तुम्हारे हाथ में हो, लेकिन उस बीज को जब तक तुम धरती में नहीं डालो और वह पौधा न बने, उसमें फूल न लगें, तब तक आप उस बीज से निकलने वाले फूलों की खुशबू नहीं ले सकते।

## दुष्ट, नकारात्मक और अहंकारी से बचें



संकलित

**प्रेरणा**

चाणक्य का मानना था कि जीवन में बहुत से लोग होते हैं, जिनका साथ हमारे लिए हानिकारक हो सकता है। विशेष रूप से दुष्ट, नकारात्मक और अहंकारी लोग हमारी मानसिक शांति को भंग कर सकते हैं। आचार्य चाणक्य ने अपनी नीति में दुष्ट लोगों से बचने का महत्वपूर्ण सुझाव दिया है और इसके लिए उन्होंने सांप की तुलना का प्रयोग किया है। दुष्ट व्यक्ति और सांप की तुलना की जाए तो सांप बेहतर है, क्योंकि सांप एक बार डसता है, जबकि दुष्ट व्यक्ति हर कदम पर धोखा देता है। चाणक्य का मानना था कि दुष्ट व्यक्ति को पहचानना बहुत जरूरी है क्योंकि वह हमें बार-बार नुकसान पहुंचाता है। वे केवल एक बार नहीं, बल्कि हर समय हमें धोखा देने की कोशिश करते हैं। इसके विपरीत, सांप अपनी रक्षा के लिए डसता है, इसलिए हमें सांप से ज्यादा डरने की आवश्यकता नहीं है। चाणक्य का यह संदेश है कि हमें दुष्ट लोगों से हर हाल में बचना चाहिए क्योंकि उनका साथ हमारे जीवन को नष्ट कर सकता है। चाणक्य नीति में कहा गया है कि दुष्ट राजा, मित्र या शिष्य से हमें दूर रहना चाहिए, क्योंकि ये हमारे जीवन की सुख-शांति को भंग कर सकते हैं। एक दुष्ट राजा की तुलना में प्रजा कभी सुखी नहीं रह सकती। इसी तरह, एक दुष्ट मित्र या शिष्य से हमें बहुत कम लाभ मिलेगा। चाणक्य ने मूर्खों, निर्धन लोगों और वेश्याओं से भी दूरी बनाने की सलाह दी है, क्योंकि ये लोग हमेशा किसी न किसी प्रकार से हमारी प्रगति में रुकावट डाल सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादियों में दिखावा, गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए।

*-विनय कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### मुक्त व्यापार समझौता



ब्रिटेन के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करके, भारत ने एक मील का पत्थर स्थापित किया है। यह व्यापक भलाई के लिए वैश्विक सहयोग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर अडिग है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री


### उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना



आईटीआई उन्नयन के लिए राष्ट्रीय योजना और भुवनेश्वर सहित पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना को मंजूरी, कुल 60,000 करोड़ रुपये के परिव्यय से कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र को गति मिलेगी।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री


### आतंकवाद को समाप्त करना होगा



आतंकवाद मानवता के खिलाफ है और इसे पूरी तरह से समाप्त करना ही होगा। जो लोग संवाद और बातचीत से नहीं समझते, उन्हें उनके दुष्कर्मों की सजा मिलनी ही चाहिए और उनको सबक सिखाना आवश्यक है।

- श्रीश्री रविशंकर

### योद्धाओं को सलाम



पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर योद्धाओं को गर्व के साथ सलाम। अपनी बहादुरी और सटीकता के साथ उन्होंने एक बार फिर दिखा दिया है कि हमारा देश अपनी रक्षा दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ करेगा।

-एन चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश

## करंट अफेयर

### सोमनाथ मंदिर के लिए पाक से लाया गया था सिंधु का जल

आजादी के बमुश्किल चार साल बाद प्राचीन सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार से जुड़े एक अनुष्ठान के लिए पाकिस्तान से सिंधु नदी का जल मांगा गया था और वहां तैनात तत्कालीन भारतीय राजनयिक ने नयी दिल्ली को सूचित किया था कि पाकिस्तान सरकार इस पर कोई आपत्ति नहीं करेगी। अभिलेखीय दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। ये दस्तावेज भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार के पास हैं। एक प्रमुख भारतीय राष्ट्रीय दैनिक में हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 1951 में तत्कालीन रियासत के प्रमुख ने अनुष्ठान के लिए पाकिस्तान के सिंधु नदी से कुछ जल मंगाने के लिए भारतीय अधिकारियों को अनुरोध भेजा था।



## ऑफ बीट

### अंतरिक्ष यात्री शुक्ला को मिलेगा भारतीय भोजन

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस महीने के अंत में प्रक्षेपित होने वाले एक्सिओम मिशन 4 के जरिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न प्रकार के चावल, मूंग दाल के हलवे और आम के रस का स्वाद ले सकेंगे। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 14 दिन बिताएंगे। उनके पास नासा द्वारा मिशन के लिए अनुमोदित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों में से चुनने का विकल्प भी होगा। इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों के लिए चावल के व्यंजन, मूंग दाल का हलवा और आम का रस सहित अन्य व्यंजन विकसित किए हैं।



## संक्षेप

### सफाई कर्मचारी ने शिक्षक को ठगा

**निवेश के नाम पर 1.80 लाख रुपए लिए, पैसे वापस मांगने पर दी धमकी**

सुलतानपुर, एक सफाई कर्मचारी और उसकी पत्नी ने शिक्षक से 1.80 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। विकास भवन में कार्यरत सफाई कर्मचारी संतोष कुमार और उसकी पत्नी कुसुम भारती ने खुद को निवेश एजेंट बताया। अंबेडकरनगर के रहने वाले शिक्षक वर्तमान में सुल्तानपुर के मोहल्ला पांचोपीरन में रहते हैं। वह प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर में सहायक अध्यापक हैं। विकास भवन में आने-जाने के दौरान उनकी मुलाकात सफाई कर्मचारी संतोष कुमार से हुई। खाते में ट्रांसफर किए रुपए शिक्षक ने 4 जनवरी 2024 को फोन पे से 1 लाख रुपए भेजे। इसके बाद हजार रुपए कुसुम भारती के खाते में ट्रांसफर किए। जब शिक्षक ने पैसे वापस मांगे तो संतोष कुमार ने उन्हें गालियां दीं। उसने कहा कि उसने कई लोगों के पैसे हड़पे हैं और कोई कुछ नहीं बिगाड़ सका। जान से मारने की धमकी संतोष ने शिक्षक को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की है।

### चलती बोलोरो पर गिरा पेड़, 2 दोस्तों की मौत

**सुलतानपुर हाईवे पर आंधी के चलते हुआ हादसा, ढाबे पर खाना खाने गए थे**

सुलतानपुर, आंधी के चलते हादसा हो गया। लखनऊ-बलिया हाईवे पर जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर स्थित पटेल ढाबा के पास एक चलती बोलेरो पर आंधी के तेज झोंके से पेड़ गिर गया। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही परिवारजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम में भेजा है। मौसम में अचानक बदलाव आया। तेज हवाएं चलने लगीं और हल्की बारिश शुरू हो गई। इसी बीच मोतिगरपुर से सुल्तानपुर जा रही बोलेरो (वढ 44 अ 4131) में तीन लोग सवार थे। जो जयसिंहपुर के रामपुर स्थित पटेल ढाबा के पास पहुंची थी कि तेज हवा के झोंके से पाकड़ का पेड़ बोलेरो पर जा गिरा। इससे गाड़ी का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बोलेरो चालक जितेंद्र वर्मा (42) और ओम प्रकाश (45) की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरे व्यक्ति को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों की सूचना पर जयसिंहपुर पुलिस मौके पर पहुंची।

### तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

**घर से 100 मीटर दूर मिला शव, अपने दोस्तों के खेलने निकले थे**

बांदा, जिले के ग्राम तिंदवारा में दो बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक बच्चों की पहचान 9 वर्षीय पवन और 7 वर्षीय शुभम के रूप में हुई है। दोनों बच्चे अपने दोस्तों के साथ घर के बाहर खेल रहे थे। जब वे लंबे समय तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। दोपहर करीब एक बजे घर से 100 मीटर दूर स्थित तालाब में बच्चों की चप्पलें तैरती मिलीं। बच्चों के पिता संतोष ने ग्रामीणों की मदद से तालाब में उतरकर खोजबीन की। करीब 15 मिनट बाद दोनों बच्चों के शव बरामद कर लिए गए। घटना की सूचना मिलते ही बिसंडा थाना प्रभारी कौशल सिंह पुलिस बल और राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# एसकेएस कालेज सबलापुर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। बहराइच-सीतापुर हाईवे मार्ग के सबलापुर स्थित डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि संस्था निदेशिका पल्लवी शुक्ला व डा. वर्षा शुक्ला ने मैनेजर आस्था शुक्ला, आयुर्वेद प्राचार्य डॉ आनंद कुमार चौरसिया, फामेर्सी प्राचार्य डॉ संतोष कुमार मिश्रा व नर्सिंग प्राचार्य हरीश नागर के साथ मां सरस्वती व नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल की तस्वीर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित व केक काटकर उन्हें याद किया गया। एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग व पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता, पीपीटी प्रेजेंटेशन, सीआरपी समेत विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताएं प्रस्तुत किए। निदेशिका पल्लवी शुक्ला ने कहा कि नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल की मानव सेवा के प्रति साफ भावना से लोगों को सेवा के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने नर्सिंग के कार्य को जन्म दिया है। डा. वर्षा शुक्ला ने कहा कि जब कोई नर्स बिना किसी भेदभाव के बीमार की सेवा करती है। जब कोई बीमार ठीक होकर घर जाता है तो कहीं न कही वह नर्स को भी दुआएं देता है। नर्सिंग प्राचार्य हरीश नागर ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के बारे में छात्र छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर नीलेश तिवारी, आलोक शुक्ला, फूलचंद्र डावरिया, मोहम्मद अशरफ, श्रवण कुमार, उदय प्रताप वर्मा, चन्दन शर्मा, धर्मेंद्र तिवारी, पुष्पेंद्र तिवारी, सुनिधि शुक्ला, आंचल सिंह, प्रतीज्ञा पाठक, कीर्ति मिश्रा, संगीता पाल, सौम्या सिंह, संगीता दूबे, लवीशा, मधु उपाध्याय मौजूद रहे।

# कतर्नियाघाट के चफरिया में वन विभाग ने तेंदुए को किया ट्रैकुलाइज



अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली रेंज के अंतर्गत चफरिया गांव के पास एक तेंदुआ दिखाई दिया। तेंदुए ने एक व्यक्ति पर झपट्टा मारकर घायल करने का भी प्रयास किया। लेकिन तब तक मौके पर मौजूद लोगों ने हल्ला करके बचा लिया। वहीं पास में खाली पड़े एक सूनसान घर में तेंदुआ घुस गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने तेंदुए को चारों तरफ से घेर कर उसे ट्रैकुलाइज कर पकड़ लिया। ट्रैकुलाइज के दौरान तेंदुआ काफी आक्रामक भी दिखा लेकिन घर के अंदर बंद होने की वजह से तेंदुआ को ट्रैकुलाइज करने में आसानी हुई। ट्रैकुलाइज टीम में डॉक्टर दीपक कुमार व उनकी टीम शामिल रही। इस संबंध में डीएफओ कतर्नियाघाट बी शिव शंकर ने बताया कि चफरिया गांव में एक खाली पड़े मकान में तेंदुआ घुस गया जिसे वन विभाग की टीम ने सकुशल ट्रैकुलाइज कर लिया है। तेंदुआ पूरी तरह से स्वस्थ है। तेंदुआ नर है और उसकी उम्र 8 वर्ष है। उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद उसे आगे की कार्यवाही के बाद जंगल में छोड़ा जाएगा।

## एक राष्ट्र, एक संकल्प के साथ 11 मई को जिले में निकाली जायेगी भारत शौर्य तिरंगा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। भारतीय सेनाओं के सम्मान में एक राष्ट्र, एक संकल्प के साथ जनपद बहराइच में 11 मई 2025 को प्रातः 08:30 बजे से इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम, बहराइच से किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच तक भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि भारत शौर्य तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन हेतु मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र को नोडल व अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा को सह नोडल अधिकारी नामित किया गया है। डीएम मोनिका रानी ने जनपदवासियों, मा. जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, सेना/अर्धसैनिक बल, सिविल डिफेंस, एनसीसी/एनएसएस/स्काउट व छात्र-छात्राओं से अधिकाधिक संख्या में तिरंगा और देशभक्ति के नारों के साथ प्रतिभाग करने की अपील की है।

## डायट प्राचार्य ने प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं डायट प्राचार्य द्वारा शनिवार को प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, पठन पाठन की स्थिति, छात्र उपस्थिति, मध्याह्न भोजन व्यवस्था एवं शिक्षक उपस्थिति का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण में विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं अनुशासन पर संतोष व्यक्त किया गया वहीं कुछ बिंदुओं पर सुधार की आवश्यकता जताई गई। निरीक्षण दल ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही बालकों के सर्वांगीण विकास हेतु सहगामी गतिविधियों को और सक्रिय करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई लिखाई की स्थिति का आकलन किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के उपरांत विद्यालय स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। जिला स्तरीय अधिकारियों का यह दौरा विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# विवादित भूमि पर जबरन निर्माण

**परिवार को जान से मारने की मिली धमकी, डीएम से शिकायत**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, लम्भुआ थाना क्षेत्र के जखनीकलां गांव में एक जमीनी विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद विपक्षी पक्ष द्वारा जबरन निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसकी शिकायत डीएम से की गई है। शिवप्रसाद ने सिविल जज की अदालत में पुरानी आबादी की भूमि के बंटवारे का मुकदमा दायर किया है, जिसकी अगली सुनवाई आज निर्धारित है। इस बीच शिवमूर्ति और उनके पुत्र अंतरिक्ष, अमित, अंकुर, अंकित ने 10-12 अज्ञात लोगों के साथ विवादित भूमि पर जबरन निर्माण शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने शिवप्रसाद को जान से मारने की धमकी दी। उन्हें अपनी जान बचाने के लिए घर में छिपना पड़ा। पीड़ित ने 112, एसपी सुलतानपुर, सीओ लम्भुआ, उपजिलाधिकारी और डीजीपी लखनऊ को फोन किया। पुलिस के आने पर आरोपी भाग गए। भी विपक्षी पक्ष ने विवादित जमीन पर दीवार और सीमेंट शेड का निर्माण किया था। पीड़ित का आरोप है कि थाने में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने उपजिलाधिकारी से अपने परिवार की सुरक्षा और अवैध निर्माण रोकने की गुहार लगाई। वहां से न्याय नहीं मिलने पर डीएम से शिकायत की गई है।

# एसएसबी व पुलिस ने सयुंक्त रूप से किया रूट मार्च



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। इंडिया और पाकिस्तान के बीच चल रहें युद्ध के दौरान नेपाल - भारत सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। पुलिस और सशस्त्र सीमा बल द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस और एस एस बी की ओर से संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनसे पूछताछ और तलाशी ली जा रही है।मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार देर शाम नो मेस लैंड क्षेत्र में कोतवाल रूपईडीहा दद्दन सिंह के नेतृत्व में संवेदनशील इलाकों में चेकिंग अभियान और पैदल मार्च किया गया। दूसरे देशो से भारतीय सीमा में आने- जाने वाले लोगों की जांच की जा रही है।किसी भी संदिग्धो पर विशेष नजर रखी जा रही है।

# सेवानिवृत्त जीएसटी कर्मचारी से सरकारी योजना का फर्जीवाड़ा

**खेत की घेराबंदी के नाम पर बैंक से 6 लाख निकलवाए, 5 गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, कमरौली में एक सेवानिवृत्त जीएसटी कर्मचारी के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। लखनऊ के गोमतीनगर निवासी कृष्णपाल (71) के साथ सरकारी योजना का झांसा देकर 6 लाख रुपए की ठगी की गई। दो अज्ञात व्यक्ति कृष्णपाल के पैतृक गांव पहुंचे। उन्होंने खुद को सरकारी योजना के अधिकारी बताया। खेत की घेराबंदी का प्रस्ताव रखा। पीड़ित से जबरन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। अगले दिन आरोपी मजदूरों के साथ आए। खेत में काम शुरू करा दिया। कृष्णपाल के विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें घर के अंदर ले जाकर मारपीट की। इसके बाद उन्हें लखनऊ के नरही स्थित पंजाब नेशनल बैंक ले गए। वहां से 6 लाख रुपये निकलवाकर फरार हो गए। पुलिस ने गढ़ा मोड़ और मगरौरा हाईवे से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में जैदपुर बाराबंकी के रईस अहमद, नसीर अहमद, शमशाद अहमद, सलमान और अब्बास शामिल हैं। आरोपियों से 96 हजार रुपए नकद, एक तमंचा, कारतूस और घटना में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की गई।

# पुलिस वैन कैंटर में घुसी:4 पुलिसकर्मी और गैंगस्टर की मौत

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, मुलजिमों को लेकर जा रही पुलिस वैन हाईवे पर खड़े कैंटर में पीछे से घुस गई। लोधा थाना क्षेत्र में हुए हादसे में वैन सवार 4 पुलिस कर्मियों और एक मुलजिम की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दरोगा रामसजीवन, हेड कॉन्स्टेबल बलवीर सिंह, ड्राइवर हेड कॉन्स्टेबल चंद्रपाल सिंह, हेड कॉन्स्टेबल रघुवीर सिंह और गैंगस्टर मुलजिम गुल सनवर के रूप में हुई है। कॉन्स्टेबल शेरपाल सिंह घायल हैं। लोधा थाना के चिकावटी गांव के पास सड़क किनारे एक कैंटर खड़ा था, जिसमें पीछे से पुलिस वैन की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वैन का अगला हिस्सा पूरी तरह डैमेज हो गया है। स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। क्रेन से वाहनों को सड़क से हटाया गया। अलीगढ़ के रढ सिटी मृगांक शेखर पाठक ने बताया- फिरोजाबाद से पुलिसकर्मी सरकारी पुलिस वाहन से मुजफ्फरनगर निवासी गैंगस्टर मुलजिम गुल सनवर को पेशी के लिए बुलंदशहर होते हुए मुजफ्फरनगर पेशी पर ले जा रहे थे। पुलिस वैन चिकावटी मोड पर खड़े कैंटर से टकरा गई। इसमें एसआई रामसजीवन, कॉन्स्टेबल बालवीर, रघुवीर, चालक सिपाही चंद्रपाल और मुलजिम गुल सनवर की मौके पर मौत हो गयी। घायल सिपाही शेरपाल सिंह को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने 5 शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। एक राहगीर ने बताया- तेज रफ्तार वैन पीछे से कैंटर में इतनी तेज टकराई कि धमाके जैसी आवाज आई। मैंने तुरंत बाइक को रोड किनारे खड़ी की। पास जाकर देखा तो पुलिस की गाड़ी खड़े कैंटर में घुस गई थी। पुलिस वैन में सवार लोग तड़प रहे थे। निकालने की कोशिश की, मगर वैन लॉक थी। आगे को गेट डैमेज हो गया था, इस वजह से गेट खेलने में दिक्कत हुई। इतने में वहां राहगीरों की भीड़ लग गई। पुलिस को फोन कर सूचना दी गई। पुलिस के आने पर सभी को निकाला गया, लेकिन तब तक कई की सांसें थम चुकी थी। राजस्थान नंबर का कैंटर रोड किनारे खड़ा था। अलीगढ़ के लोधा थाने में कैंटर चालक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

हादसा ड्राइव के नींद में होने से हुआ, या ओवर स्पीड या रोड खराब होने से गाड़ी बेकाबू होकर टकराईङ्ग इन बिंदुओं पर पुलिस और फोरेंसिक टीम सबूत जुटा रही है।

# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मौत

**नातिन की शादी से लौट रहे दंपति को अक्षय पात्र गाड़ीनने मारी टक्कर, पत्नी घायल**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा, राया थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 71 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना 1 अप्रैल को सादाबाद रोड पर हुई। जानकारी के अनुसार बेनीराम अपनी पत्नी भगवान देवी के साथ नातिन की शादी से लौट रहे थे। गांव खजूरी के पास एक तेज रफ्तार अक्षय पात्र वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्ती की दोनों सड़क पर गिर गए और हादसे में दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को एक स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित हुई स्थानीय लोगों ने हास्य की जानकारी इलाका पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मथुरा के जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। कोई घटना की जानकारी जब परिवार के लोगों को लगी तो वह भी मथुरा जिला अस्पताल पहुंचे। घायल बेनीराम के बेटे यीशु प्रसाद ने बताया कि उनके पिताजी की गंभीर हालत थी जिसे देखते हुए वह जिला अस्पताल से मथुरा के केडी हॉस्पिटल ले गए, जहां उपचार के दौरान पिता की 7 दिन बाद मृत्यु हो गई। थाना प्रभारी अजय कौशल ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रार्थना पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक के बेटे के अनुसार, टक्कर मारने वाले अक्षय पात्र वाहन को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# नहर में पानी नहीं पहुंचने से किसानों की फसलें



**जगदीशपुर के कोयलारा-मुबारकपुर में सूखी नहर, किसानों ने जताई चिंता**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, जगदीशपुर ब्लॉक के कोयलारा-मुबारकपुर सिंदुरवा क्षेत्र में नहर का पानी नहीं पहुंचने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। खंड 41 की रजबहा पुलिया में नहर का पानी नहीं पहुंच रहा है। पानी की कमी से क्षेत्र के किसानों की विभिन्न फसलें प्रभावित हो रही हैं। किसानों के अनुसार, ढेंचा, कद्दू, पालक, टमाटर, लोबिया, खीरा और उर्द की फसलों को नुकसान हो रहा है। स्थानीय किसान मोहम्मद कादिर, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद राशिद, राम कुमार, रामगोपाल और अमरनाथ ने नहर विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। किसानों का आरोप है कि नहर विभाग के अधिकारी के के सिंह ने अभी तक नहर का निरीक्षण नहीं किया है। इस लापरवाही के कारण क्षेत्र के किसान परेशान हैं और उनकी फसलों को नुकसान हो रहा है।

# जनसूचना में जानकारी छिपाने का मामला

**अमेठी में आरटीआई के जवाब में अधिकारी ने दी अधूरी सूचना, जांच की मांग**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती में पारदर्शिता का मामला सामने आया है। रामजी पाठक ने 12 अप्रैल 2025 को आरटीआई के माध्यम से मवैया रहमतगढ़ आंगनबाड़ी केंद्र की भर्ती से जुड़ी जानकारी मांगी थी। उन्होंने धनेशा पाठक केंद्र पर चयनित अभ्यर्थी की मेरिट और शैक्षिक दस्तावेजों का विवरण मांगा था। बाल विकास परियोजना अधिकारी (डीपीओ) शुकुल बाजार ने पत्रांक 38 के जरिए अधूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवेदक का निवास प्रमाण पत्र पोर्टल पर गलत था और वह एपीएल श्रेणी में आते हैं, इसलिए उनका चयन नहीं हुआ। बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेंद्र गौतम ने जन सूचना के जवाब में बताया आंगनबाड़ी केंद्र पर 20 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से प्रथम वरीयता प्रतिभा पत्नी राहुल कुमार द्वितीय वरीयता पर नीलू पाल पत्नी रोहित कुमार पलका चयन बीपीएल श्रेणी व मैरिड के आधार पर हुआ। जबकि वास्तविकता पूरी तरह से अलग है। शिकायतकर्ता में आरोप लगाया है कि बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा कई तथ्य छुपाए गए और फर्जी तरीके से आंगनबाड़ियों का चयन किया गया। आवेदक का आरोप है कि अगर सभी अभ्यर्थियों के आय प्रमाण पत्र की निष्पक्ष जांच की जाए

## संक्षेप

### निशाने पर आए औरंगाबाद कोतवाल

बुलंदशहर, लापरवाही बरतने वाले पुलिस अफसरों और कर्मियों पर कप्तान का कहर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। तीन दिन में दूसरे कोतवाली प्रभारी और चौकी इंचार्ज पर गाज गिरी है। अबकी बार कप्तान के निशाने पर औरंगाबाद कोतवाली आई है। यहां जमीनी विवाद में पुलिस की संलिप्तता पाए जाने पर कोतवाली प्रभारी और चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया गया है। जिले के पुलिस महकमे में इन दिनों हड़कंप मचा हुआ है। कप्तान के चार्ज सम्भालने के 15 दिनों के भीतर दूसरे कोतवाल और तीसरे चौकी इंचार्ज पर गाज गिरी है। औरंगाबाद के गांव मूड़ी बकापुर में जमीनी विवाद में कोतवाली पुलिस की संलिप्तता पाई गई है। इस मामले में अभी तीन दिन पहले ही एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया था। इसमें 8 लोगों पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले में कप्तान ने एएसपी ऋजुल कुमार से जांच कराई। इसमें कोतवाली पुलिस की आरोपियों के साथ सांठगांठ सामने आई। इसके बाद पुलिस कप्तान दिनेश कुमार सिंह ने औरंगाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीतीश भारद्वाज और लखावटी चौकी प्रभारी मोहित कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। इससे पहले रेप पीड़िता की एफआईआर दर्ज न करने पर अनूपशहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र त्रिपाठी और चौकी इंचार्ज ऋषिपाल सिंह पर भी यही कार्रवाई की गई थी। इससे पहले मेडिकल परीक्षण में घूस लेने पर सिपाही पर एफआईआर दर्ज कराई गई। वहीं चार्ज के दूसरे दिन ही ई रिक्शा चालक से घूस लेने पर ट्रैफिक इंचार्ज दरोगा और सिपाही पर भी एफआईआर दर्ज कराई गई। कप्तान की अपने ही महकमे में ताबड़तोड़ कार्रवाई से हड़कम्प मच गया है। लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसएसपी एसएसपी दिनेश कुमार सिंह का कहना है कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस कर्मियों को अपना रवैया सुधारना पड़ेगा, वरना मैं सुधार दूंगा।

### पाक आतंकी ठिकानों पर भारतीय वायुसेना का हमला

**खुर्जा में लोगों ने मिठाई बांटी और आतिशबाजी की, वकीलों ने भी मनाया जश्न**

बुलंदशहर, भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक से उत्तर प्रदेश के खुर्जा शहर में खुशी की लहर है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई इस कार्रवाई का जश्न शहर के विभिन्न हिस्सों में मनाया गया। मोहल्ला खुशीपुरा में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। रेखा अग्रवाल, बबलू गोस्वामी, सुनीता वर्मा समेत कई लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। साथ ही आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने भी जश्न मनाया। प्रवीण भाटी, मोहसीन, आलोक शर्मा सहित अन्य वकीलों ने भारतीय सेना की इस कार्रवाई पर गर्व जताया। महाराणा प्रताप नगर में युवाओं ने भी खुशी मनाई। युवा नेता रघु ठाकुर ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले का सेना ने बदला ले लिया है।

# जगह-जगह फूंका गया पाकिस्तान का पुतला

## सरदार पटेल फाउंडेशन के तत्वावधान में जहानाबाद में लगे मुर्दाबाद के नारे

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। जनपद में सरदार पटेल फाउंडेशन के तत्वावधान में बिंदकी खागा फतेहपुर समेत अन्य स्थानों पर पाकिस्तान का पुतला अलग-अलग तिथियों पर जलाया गया कल जहानाबाद विधानसभा कस्बे में आतंकवाद को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान का पुतला फूंक कर जनपद वासियों ने आक्रोश व्यक्त किया सरदार वल्लभभाई पटेल फाउंडेशन के तत्वावधान में जहानाबाद कस्बे के मुख्य चौराहे पर जमकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे वहीं फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह तथा जिला उपाध्यक्ष डॉ राम भक्त वर्मा ने सैकड़ो समर्थकों के साथ मिलकर बिंदकी तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए पाकिस्तान के संरक्षण में पोषित हो रहे आतंकवादियों को जड़ से उखाड़ कर फेंक देने के साथ-साथ पूर्व काल में किए गए सभी समझौतों को समाप्त करने की मांग की वही गुलाम कश्मीर को पुनः भारत में समावेश करने का निवेदन किया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता रामसनेही सिंह राजेश मिश्रा कमलेश योगी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता डॉ ओमप्रकाश पाल कई पंचवर्षीय से कस्बे के चहुमुखी विकास के लिए बने प्रेरणा स्रोत सभासद महेश चौरसिया समाजसेविका मालती वर्मा सुमन वर्मा आदि स्थानीय तथा क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे

# धूमधाम से विद्यालय में मनाया गया मातृ दिवस



अमन लेखनी समाचार

बिदकी, फतेहपुर। जनपद के मलवां विकासखंड अंतर्गत पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर में मातृ दिवस का भव्य आयोजन आयोजित किया गया में बढ़ चढकर पहुंची महिलाओं ने हिस्सा लिया वहीं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका समेत सभी शिक्षकों ने मातृ शक्तियों को बैच अलंकरण कर रोटी टीका लगाते हुए भव्य स्वागत किया कार्यक्रम में मौजूद प्रबंध समिति अध्यक्ष मिथलेश देवी द्वारा पहुंची सभी मातृ शक्तियों को उपहार भेंट किया गया वही विद्यालय के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गीत स्वागत गान तथा मनमोहक अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिन्हें देखकर सभी महिलाएं भाव विभोर हो उठी विद्यालय परिसर में पहुंची महिला अभिभावकों को विभिन्न प्रकार के खेल के लिए आमंत्रित किया गया जहां सभी महिलाओं ने अपनी अपनी प्रतिभागिता निभाई इस मौके पर भारी संख्या में पहुंची मातृ शक्तियों के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक महेजबीन रवी एवं बृजेंद्र आदि मौके पर मौजूद रहे आई हुई सभी मातृ शक्तियों का विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला ने आभार व्यक्त किया वहीं विद्यालय की साज सज्जा वृक्षारोपण तथा उच्च शिक्षा को देखते हुए सभी ने प्रधानाध्यापिका समेत सभी शिक्षकों की जमकर प्रशंसा की

# बुजुर्ग महिला और पोतों पर हमला

## खेत में पानी लगाते समय दबंगों ने महिला का हाथ मोड़ा, डंडों से पीटा

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला और उनके पोतों पर दबंगों ने हमला किया। मोहम्मद बाजार खाम की रहने वाली 75 वर्षीय फात्मा अपने पोते फिरोज और सुहैल के साथ खेत में पानी लगा रही थीं। इसी दौरान ओमप्रकाश, उसका बेटा कुलदीप, पुनीत, प्रदीप, रवि और पूरन लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंचे। उन्होंने वृद्धा और उसके पोतों के साथ गाली-गलौच की। आरोपियों ने महिला का



हाथ मोड़ा और डंडों से मारपीट की। पोतों के शोर मचाने पर हमलावर महिला को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। फात्मा ने बताया कि उनके पति की मृत्यु के बाद से ही आरोपी उनका खेत हथियाना चाहते हैं। उन्होंने कई बार खेत छोड़ने की धमकी दी। फात्मा के लिए खेत ही आजीविका का एकमात्र जरिया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में कोई अप्रिय घटना होने पर ओमप्रकाश, उसका बेटा और उनके साथी जिम्मेदार होंगे। सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता देने के निर्देश के बावजूद जहांगीराबाद कोतवाली पुलिस ने इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

# रिटायर्ड सहायक महाप्रबंधक से ठगे 22 लाख

## फिक्सड डिपॉजिट, बचत खाता और ओवरड्राफ्ट खातों से रकम की गई ट्रांसफर

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, फेसबुक पर दिखे विज्ञापन के जरिए क्रेडिट कार्ड बनवाने का लालच देकर जालसाजों ने निजी बैंक से सेवानिवृत सहायक महाप्रबंधक के साथ 22 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित के फिक्सड डिपॉजिट, बचत खाता और ओवरड्राफ्ट खातों से रकम ट्रांसफर की गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की है। पुलिस ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ आईटी ऐक्ट और धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाने में दी शिकायत में सेक्टर-34 के नीलगिरि अपार्टमेंट में रहने वाले अशोक कुमार भान ने बताया कि वह पहले देना बैंक में सहायक महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे, जो अब बैंक ऑफ बड़ौदा में मर्ज हो चुका है। बीते दिनों शिकायतकर्ता ने फेसबुक पर निजी बैंक से जुड़ा एक विज्ञापन देखा, जिसमें क्रेडिट समेत अन्य कार्ड की सुविधाएं दिखाई गई थीं। शिकायतकर्ता ने विज्ञापन को देखकर एक लिंक पर क्लिक किया। कुछ ही देर बाद अशोक कुमार के पास अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया और क्रेडिट कार्ड पर मुनाफा मिलने का लालच देकर बैंक और खाते संबंधी जानकारी ले ली। कथित बैंक कर्मचारी ने एक नया कार्ड जल्द ही भेजने का वादा किया और इसके बाद शिकायतकर्ता के बैंक खातों के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। 17.20 लाख अशोक के बचत खाते से और 4.80 लाख रुपये ओवरड्राफ्ट खाते से निकाल लिए गए। जालसाज ने अशोक के फिक्स्ड डिपॉजिट को समय से पहले बिना जानकारी के तुड़वा दिया और रकम पीड़ित के बचत खाते में डालकर दूसरी जगह ट्रांसफर कर दी गई। एफडी शिकायतकर्ता और उनकी पत्नी के नाम पर थी। एफडी टूटी तो उस समय शिकायतकर्ता और उसकी पत्नी मौजूद नहीं थी।

# रजिस्ट्री के 8 साल बाद भी नहीं मिला कब्जा

## जमीन विवाद को लेकर पीड़ित ने डीएम से की शिकायत, जांच का मिला आश्वासन

अमन लेखनी समाचार

बागपत, दौलतपुर गांव में संजय त्यागी ने बागपत के डीएम से अपनी जमीन का मामला लेकर शिकायत की है। संजय ने बताया कि उन्होंने 2017 में गांव के जंगल में 2 बीघा जमीन की रजिस्ट्री कराई थी। दाखिल खारिज भी हो गया था। संजय के मुताबिक रजिस्ट्री के बाद से उन्हें जमीन पर कब्जा नहीं मिल रहा है। विपक्षी उन पर लगातार दबाव बना रहे हैं। कई बार



मारपीट और अभद्रता भी कर चुके हैं। अब विपक्षी उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले 8 सालों से संजय अपनी जमीन पर कब्जा पाने के लिए अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। उनकी कई शिकायतों के बावजूद न तो उन्हें जमीन का कब्जा मिला और न ही विपक्षियों पर कोई कार्रवाई हुई। डीएम ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# अवैध कब्जा करने वाले चार पर मुकदमा

- बार बार किया गया मना, रात के अंधेरे में चोरी से करवा रहे थे निर्माण

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के गांव सोरखा में नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि पर अवैध कब्जा करके निर्माण किया जा रहा है। प्राधिकरण के अवर अभियंता ने चार नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। नोएडा प्राधिकरण के अवर अभियंता निखिल मित्तल ने पुलिस को बताया कि गांव सोरखा में खसरा संख्या-282 में प्राधिकरण की अधिसूचित क्षेत्र की भूमि है। आरोप लगाया कि भूमि पर संदीप, लाल सिंह और अन्य निवासी गांव सफाबाद द्वारा अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है। अवैध निर्माण को रुकवाने के लिए भूलेख विभाग और वर्क सर्किल स्तर पर कई बार प्रयास




किया गया, लेकिन अवैध निर्माण कार्य नहीं रोका जा रहा था। अवैध निर्माण करने वाले आरोपी रात के अंधेरे में चोरी-छिपे निर्माण करा रहे हैं। अधिसूचित जमीन पर चेतावनी बोर्ड लगा होने के बावजूद आरोपी अवैध रूप से निर्माण करा रहे हैं। इसी तरह गांव सोरखा में खसरा संख्या-354 में प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि है। इस भूमि पर कृपाल, सुरेंद्र और कुछ अन्य लोग अवैध रूप से निर्माण कार्य करा रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि प्राधिकरण की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# हत्या के आरोपी से पुलिस मुठभेड़

## पैर में गोली लगने से हुआ घायल, नरहाड़ा के जंगलों में मिला था अज्ञात शव

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, लोहियानगर थाना पुलिस की देर रात बदमाश से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में घायल हुए आरोपी का नाम सोनू है। पुलिस उसकी निशानदेही पर आला कत्ल बरामदगी के लिए ले जा रही थी। तभी आरोपी ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी है। लोहिया नगर थाना पुलिस को पीआरवी से सूचना मिली थी कि लोहियानगर जुर्रानपुर फाटक के नरहाड़ा गांव के जंगल में एक अज्ञात लाश पड़ी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर फोरेंसिक टीम को बुलाया। शव की पहचान मेवगड़ी मजीदनगर निवासी शादाब पुत्र सदाकत के रूप में हुई थी। शादाब के बड़े भाई सलीम ने छोटे भाई शादाब की लाश को पहचाना था। इसके बाद सलीम के जीजा नसीम जो समर गार्डन लिसाड़ी गेट का रहने वाला है उसने 1 मई को लोहिया नगर थाने में अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया था। सीओ कोतवाली आशुतोष ने बताया कि पुलिस वारदात की जांच, पड़ताल में लगी थी। जांच में पता चला कि सोनू पुत्र नफीस अंसारी और बिलाल पुत्र इश्तयाक दो के नाम सामने आए थे। दोनों मेवगड़ी मजीद नगर के रहने वाले हैं। पुलिस ने सोनू को अरेस्ट कर लिया। पुलिस आरोपी को नरहाड़ा के जंगल में आला-कत्ल बरामदगी के लिए ले जा रही थी। तभी पकड़े गए आरोपी सोनू ने घटना में इस्तेमाल किए गए तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में सोनू के दाएं पैर में गोली लगी वो घायल हो गए। उसे इलाज के लिए पीएल शर्मा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। आरोपी से स्पलेंडर बाइक, रेड मी का मोबाइल, मृतक की गोल्डन कलर की घड़ी, तमंचा, कारतूस, बोर बरामद हुए हैं। जुर्रानपुर फाटक के पास अंग्रेजी शराब का ठेका है। मंगलवार सुबह ठेके से 50 मीटर की दूरी पर एक चोट लगा शव मिला था। पुलिस ने पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन नहीं हो सकी थी। इसके बाद शव के फोटो सोशल मीडिया पर डालकर पहचान कराने का प्रयास किया गया था। युवक को सिर कुचलकर मौत के घाट उतारा गया था।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर कटे चालान



**बागपत में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर चेकिंग, सीटबेल्ट और हेलमेट लगाने की दी सलाह**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर कलेक्ट्रेट के समीप परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। एआरटीओ राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने रॉन्ग साइड से आने वाले वाहनों को रोका। दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट न चलने की हिदायत दी गई। कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने के निर्देश दिए गए। जरूरी कागजात न होने वाले वाहन चालकों के चालान काटे गए। एआरटीओ राघवेंद्र सिंह ने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि आगे भी नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी।

# यूपी स्टेट किड एथलेटिक चैंपियनशिप में खुर्जा का बच्चा चमका

## यूकेजी के विधान राघव ने 80 मीटर दौड़ में जीता सिल्वर मेडल

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, मेरठ की सुभारती यूनिवर्सिटी में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित फर्स्ट यूपी स्टेट किड एथलेटिक चैंपियनशिप 2025 में खुर्जा के एल्पाइन पब्लिक स्कूल का नाम रोशन हुआ है। आयोजित इस प्रतियोगिता में 800 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप में 80 मीटर दौड़, बैडमिंटन, लंबी कूद और हर्डल जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। एल्पाइन पब्लिक स्कूल से 10 छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। स्कूल के यूकेजी कक्षा के छात्र विधान राघव ने 80 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीता। स्कूल की प्रधानाचार्या निधि गुलाटी ने




विजेता छात्र विधान और उनके कोच ललित कुमार को बधाई दी। उन्होंने विधान को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अन्य छात्रों ने भी विधान का मनोबल बढ़ाया।

# पुलिस हिरासत से भागा 25 हजार का इनामी

- मुरादनगर का गैंगस्टर 6 घंटे में दोबारा हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, पुलिस ने मुरादनगर के एक गैंगस्टर को दोबारा गिरफ्तार किया है। अरकस पुत्र रियाजुद्दीन नाम का यह अपराधी जिला अस्पताल संजय नगर से पुलिस हिरासत में से फरार हो गया था। उपचार के दौरान फरार हुए इस अपराधी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। अरकस के खिलाफ मुरादनगर थाने में गैंगस्टर एक्ट समेत दो मामले दर्ज हैं। फरार होने के बाद थाना मधुबन बापूधाम में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने अपराधी की धरपकड़ के लिए 4 टीमें गठित कीं। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने अरकस को फिर से गिरफ्तार कर लिया। मसूरी की सहायक पुलिस आयुक्त लिपि नगायच के अनुसार आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि दो दिन पहले पुलिस टीम ने जब संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया तो वह मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगा। इस दौरान उसकी बाइक फिसल गई। अरकस ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अरकस के पैर में गोली लग गई। गिरफ्तार आरोपी अरकस (21) झील वाली मस्जिद के पास, मोहल्ला कच्ची सराय, मुरादनगर का रहने वाला है। वह गैंगस्टर एक्ट में वांछित था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी से 0.315 बोर का अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।



## चकडोरी में 12 मई से होगा श्री श्रीराम महायज्ञ एवं सामूहिक कन्या विवाहोत्सव का शुभारंभ

**पत्रकार वार्ता के दौरान महंत राकेश दास जी महाराज ने दी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी**

अमन लेखनी समाचार



ककरवई, झांसी। ककरवई के समीप स्थित सिद्धपीठ चकाडोरी आश्रम पर श्री नृसिंह दास जी महाराज सेवा सदन के तत्वाधान में 12 मई 2025 से श्री श्रीराम महायज्ञ एवं सामूहिक कन्या विवाहोत्सव कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए चकाडोरी आश्रम के महंत राकेश दास जी महाराज ने बताया ने 12 मई को दोपहर 2 बजे से यज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 13 मई से दोपहर 2 बजे से मलूक पीठ वृन्दावन धाम के महंत महामंडलेश्वर दीनबंधु दास जी महाराज के मुखारविंद से संगीतमयी श्री मद्भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा।यज्ञाचार्य डॉक्टर दिनेश विदुआ द्वारा समस्त याज्ञिक कार्यक्रम सम्पन्न कराए जाएंगे। यज्ञ के मुख्य यजमान सूर्यभा राजे - गोविंद प्रताप सिंह परमार होंगे वही भागवत कथा के परीक्षित डॉ. एल आर वर्मा होंगे।

उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न स्थानों से संत महात्मा भी पधारेंगे।रात्रि में सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा।20 मई को विशाल भंडारा एवं सामूहिक कन्या विवाह के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।महंत राकेश दास जी महाराज ने बताया कि यज्ञ के दौरान लगने वाले विशाल मेले में आए दुकानदारों के लिए रुकने ,ठहरने एवं खाने की समस्त व्यवस्थाएं निःशुल्क रहेगी। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से श्रीराम महायज्ञ में सम्मिलित होने की अपील की है।इस अवसर पर गोविंद प्रताप सिंह परमार, रमाकांत मिश्रा,महेशचंद्र विदुआ, अनुज कुमार द्विवेदी, युवराज सिंह, संतोष पाठक,नरेंद्र सिंह, दयाल सिंह,छत्रपाल सिंह आदि सहित क्षेत्रीय पत्रकार मौजूद रहे।

## समाधान दिवस पर आए चार मामलों में एक का हुआ निस्तारण



अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद के श्यामदेउरवा थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह के अध्यक्षता में किया गया इस दौरान भूमि विवाद से संबंधित कुल चार मामले प्रस्तुत किए गए, लेकिन केवल एक मामले का मौके पर निस्तारण हुआ है।मामलों के समाधान के लिए राजस्व व पुलिस टीम को संबंधित स्थानों पर रवाना किया गया। समाधान दिवस के समापन पर अभिषेक सिंह ने निर्देश दिया कि प्राप्त मामलों को गंभीरता से लेते हुए तय समय सीमा में उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे समय पर मामले का निस्तारण कर आख्या प्रेषित करें।इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक शम्भूनाथ सिंह, राजेश सिंह, अक्षय सिंह, अनिकेत सिंह, लेखपाल सुशील शुक्ला, वीरेंद्र गुप्ता समेत तमाम गणमान्य जन मौजूद रहे।

## श्रीम सेवा समिति द्वारा डॉ. संदीप के मुख्य आतिथ्य में मरीजों व तीमारदारों को फल वितरण

अमन लेखनी समाचार



झाँसी।प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में अपने विवेक, क्षमता और सामर्थ्य अनुसार अपने-अपने पथ पर चलते हैं यदि कोई आपका पथ का अनुसरण कर रहा हो तो निश्चित रूप से मान लीजिए आप सही पथ पर गमन कर रहे हैं। बुंदेलखंड में कई समाजसेवी हुए जिन्होंने सामाजिक क्षेत्र में कार्य करते हुए लोगों के उत्थान हेतु अपना जीवन समर्पित कर दिया।वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो नाम मात्र व दिखावे की समाजसेवा कर अपना नाम चमकाने और समाजसेवी की पदवी की आड़ लेकर अपने गोरख धंधे चलाने का प्रयास करते रहते हैं।लेकिन बुंदेलखंड में संघर्ष सेवा समिति ने वह कर दिखाया जो अप्रत्याशित था, लंबे समय से बिना किसी अन्य से आर्थिक सहायता लिए भेदभाव से परे और निस्वार्थ रूप से सहायता करते हुए समिति के संस्थापक डॉ० संदीप ने लोगों के समक्ष एक अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया है, डॉ संदीप के कार्यों को देखते हुए अब कई लोग समाज सेवा के क्षेत्र में जुड़ने लगे हैं।डॉ संदीप के पथ पर गमन करते हुए सीपरी बाजार निवासी अनीता सिंह ने श्रीम सेवा समिति का बीजारोपण किया जो समाज सेवा के क्षेत्र में धरातल स्तर पर कार्य कर रही है।श्रीम सेवा समिति के तत्वाधान में जिला चिकित्सालय में 150 से अधिक मरीजों एवं तीमारदारों को फलों का वितरण किया गया। डॉ संदीप को समाजसेवा का आदर्श मानते हुए अनीता सिंह ने उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर फलों का वितरण कराया।इस अवसर पर अनीता सिंह ने कहा झांसी जनपद और आसपास के क्षेत्र में संघर्ष सेवा समिति ने अपने कार्यों की दम पर अपना नाम रोशन किया है। आज कहीं भी समाजसेवा के संबंध में चर्चा होती है तो संघर्ष सेवा समिति और डॉक्टर संदीप का नाम सबसे पहले लिया जाता है।मैं काफी समय से संघर्ष सेवा समिति से जुड़ी हुई हूं मैंने समिति के कार्यों से प्रेरित होकर अपनी क्षमतानुसार लोगों की सहायता करने का प्रण लिया है। आज हमने यह छोटा सा प्रयास किया है निश्चित रूप से हमारा संगठन आगे भी असहाय और पीड़ितों की सहायता के लिए तत्पर रहेगा। इस अवसर पर अवधेश कुमारी, डॉ डी.एस. गुप्ता, रानी सिंह, रजनी सेठी, प्रेमलता, कवेरी, मीना मसीह, सुधा गुप्ता, सुमन वर्मा, कुसुम साहू, रमेश चौहान, नेहा चौबे, अरुण पांचाल, संदीप नामदेव, आशीष विश्वकर्मा, दीक्षा साहू, सुशांत गुप्ता, राजू सेन, हनी शिरोरिया, कीर्ति गुप्ता, निर्मला परिहार, अनिता कुशवाहा, रुक्मणी परिहार, रजनी ठाकुर, पूजा उपाध्याय, चित्रा परिहार, मनीष ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

**खास समाचार**

## समस्त थानों पर सिम विक्रेताओं को जागरूक करने हेतु आयोजित की गई मीटिंग

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।में पुलिस द्वारा साइबर अपराधों और फर्जी सिम कार्ड के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से जिले के समस्त सर्किल अन्तर्गत थानों पर क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा सिम विक्रेताओं और डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ जागरूकता मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य सिम कार्ड की बिक्री में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और फर्जी दस्तावेजों के उपयोग को रोकना था। सभी सिम विक्रेताओं को निर्देश दिए कि वे ग्राहकों का पूरा विवरण( नाम, पता, मोबाइल नंबर, सिम एक्टिवेशन तारीख, और अन्य आवश्यक जानकारी) निर्धारित प्रोफार्मा में दर्ज करें।साइबर फ्रॉड और अन्य अपराधों में फर्जी सिम के उपयोग के बढ़ते मामलों को देखते हुए, विक्रेताओं को इसके बारें में समझाया गया। सिम डिस्ट्रीब्यूटर्स को अपने रिटेलर्स का पूरा रिकॉर्ड रखने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया।जनपदीय पुलिस ने सभी सिम विक्रेताओं और डिस्ट्रीब्यूटर्स से अपील की कि वे नियमों का सख्ती से पालन करें और साइबर अपराधों को रोकने में सहयोग करें।नागरिकों से भी अनुरोध है कि वे सिम खरीदते समय केवल अधिकृत विक्रेताओं से संपर्क करें और अपनी पहचान का दुरुपयोग होने से बचें।



## ग्राहक बनकर आयी महिला ने उड़ाया 75 ग्राम सोना, पुलिस ने 8 घंटे में किया खुलासा

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज जनपद के थाना श्यामदेउरवा अंतर्गत दिनांक 09.05.2025 को हरपुर चौराहे पर वर्मा ज्वेलर्स के नाम से स्थित दुकान पर समय 06/18 मिनट पर दो महिला ज्वेलरी देखने आयी थी जिसमे से एक महिला ज्वेलरी देखने के बहाने एक डिब्बे में रखा हुआ सोने कि ज्वेलरी जिसमे एक चैन एक पी0 दो कुन्डा लाकेट छः पी0 . एक कुन्डा लाकेट छः पी0 . टाप्स छः जोड़ा लेडिज अंगुठी 2 पी0 6. झाला सात जोड़ा सुई धागा 2 जोड़ा 8. छोटा बाली 4 जोड़ा 9. ओम लाकेट 4 पी0 10. छोटा नथ 11 पी0 11. झुमकी 2 जोड़ा था जिसे उस महिला द्वारा चुरा लिया गया घटना के बाद दुकानदार ने तुरन्त पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 8 घंटे के अन्दर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया और चोरी गया सम्पूर्ण सोना बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला की पहचान की गई और एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही की गई महिला को परतावल बाजार से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 75 ग्राम सोना भी बरामद कर लिया गया भीड भाड वाले स्थानो पर महिला दुकानदारो से मेल जोल बना कर टप्पेबाजी जैसी अपराध को अन्जाम दिया करती है है उक्त महिला द्वारा पूर्व मे भी बड़हरा बरईपार के एक महिला से यात्रा के दौरान टैम्पू मे थैले मे रखे 45000/- रुपये को निकाल लिया गया था जिसके सम्बन्ध मे भी मु0अ0सं0 85/2024 धारा 379,411 पंजीकृत कर जेल भेजा गया था जो छुट कर आने पर पुनः अपराध को अंजाम दिया है। महिला सरोज पत्नी दुर्योधन साहनी निवासी भैसा थाना भिटौली जनपद महराजगंज उम्र 35 वर्ष के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की चहुओर सराहना हो रही है और व्यापारी वर्ग ने राहत की सांस ली है।थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि त्रिनेत्र के सहारे आज के समय में क्राइम को कंट्रोल करने में मदद मिल रही है गिरफ्तार करने वाली टीम मे श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह उप निरीक्षक मनीष पटेल, राजेश कुमार, अक्षय कुमार हे0का0 संजय कुमार, महिला उप निरीक्षक सारिका सिंह थाना श्यामदेउरवा जनपद महराजगंज मौजूद रहे।

## पुलिश को मिली बड़ी कामयाबी सर्राफा के दुकान से दो किलो चाँदी और जेवरात लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**भिटौली में सराफा लूटकांड का हुआ खुलासा, मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार, एक घायल**

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज जनपद के भिटौली थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े सराफा व्यवसायी से हुई लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो बदमाशों को दबोच लिया। गंगराई अगया नहर के पास तड़के चार बजे हुई मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए परतावल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।आपको बताते चले कि रूद्रापुर निवासी रतन लाल की राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर भिटौली स्थित बड़ौदा यूपी बैंक के समीप आभूषण की दुकान है। बीते चार मई को जब वह मकान निर्माण में व्यस्त थे, तब उनका बेटा अभिषेक दुकान संभाल रहा था। दोपहर करीब एक बजे एक बदमाश ग्राहक बनकर दुकान में दाखिल हुआ और सोने की चेन दिखाने को कहा। अभिषेक जैसे ही पीछे मुड़ा, तभी दूसरा बदमाश भीतर घुस आया और उसके सिर पर पिस्टल की बट से वार कर हथियार तान दिया। इस दौरान दुकान में अफरातफरी मच गई और अभिषेक ने साहस दिखाते हुए बदमाश से भिड़ंत कर दी।हाथापाई के बीच दूसरा बदमाश तिजोरी से करीब दो किलो चांदी और अन्य आभूषण समेट कर भाग निकला। बाहर खड़ा तीसरा साथी बाइक स्टार्ट किए तैयार था। तीनों बदमाश लूटपाट के बाद महराजगंज की ओर फरार हो गए। संघर्ष के दौरान व्यवसायी ने बदमाश की पिस्टल भी छीन ली और मौके से तीन मैगजीन बरामद हुए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने मौके पर पहुंचकर जांच तेज करने के निर्देश दिए। एसओजी, स्वाट, सर्विलांस और भिटौली थाना पुलिस की संयुक्त टीमें बदमाशों की तलाश में लगाई गईं। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने आरोपियों की पहचान की और शनिवार तड़के उन्हें घेराबंदी कर दबोच लिया।गंगराई अगया नहर के पास हुई मुठभेड़ में गोरखपुर के रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के गायघाट खुर्द निवासी अरविंद उर्फ बड़कू के पैर में गोली लगी, जबकि उसका साथी अनूप राजभर, निवासी जर्दा, थाना खोराबार को सकुशल गिरफ्तार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों से लूटे गए जेवरात बरामद किए जा रहे हैं और पूरे मामले में विधिक कार्रवाई प्रचलित है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में राहत की सांस ली जा रही है।

## जिला अधिवक्ता कल्याण समिति ने लगाया निःशुल्क विधिक सहायता कैम्प

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर /राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में किया गया।इस दौरान जिला अधिवक्ता कल्याण समिति द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता व सलाह कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें आम जनमानस को न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी देकर उन्हें विधिक सहायता उपलब्ध कराई गई।बताया कि इस कैंप का उद्देश्य लोगों को विधिक सहायता देकर उनके मामलों का समाधान त्वरित रूप से कराना था। इस दौरान कैम्प में सैकड़ों की संख्या में आम लोग पहुंचे।जिनमें महिलाएं, वृद्धजन, किसान, मजदूर आदि लोगों ने अपने व्यक्तिगत, पारिवारिक, भूमि, उत्तराधिकार, दहेज, घरेलू हिंसा, बकाया-भुगतान आदि से संबंधित मामलों में सलाह ली।शिविर का बहुत से लोगों ने लाभ उठाया।इसके पश्चात जनजागरूकता संबंधी पोस्टर और पर्चे भी वितरित किए गए।इस मौके पर अधिवक्ता सुरेश सिंह, सत्येंद्र श्रीवास्तव, चंद्रमोहन सिंह, राकेश कुमार, धनंजय सिंह, राहुल मिश्रा, गोविंद जायसवाल, राहुल शर्मा आदि रहे।




## अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम प्रकोष्ठ-नालासोपारा ने तीन बांग्लादेशी को पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

वसई। अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम प्रकोष्ठ-नालासोपारा टीम ने तुलिंज पुलिस स्टेशन की सीमा अंतर्गत अवैध रूप से रह रहे 3 पुरुष बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। उनके खिलाफ तुलिंज पुलिस स्टेशन में भारतीय पासपोर्ट अधिनियम, 1950 की धारा 3(ए), 6(ए) तथा विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 14 के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस अधिकारी ने बताया कि,अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम प्रकोष्ठ,नालासोपारा को मुखबिर से सूचना मिली कि बांग्लादेशी नागरिक तुलिंज पुलिस स्टेशन,प्रगति नगर, नालासोपारा पूर्व में अवैध रूप से रह रहे हैं। सूचना के आधार पर,पुलिस की टीम ने पंच और एक दुभाषिया के साथ नालासोपारा पूर्व के प्रगतिनगर में जाल बिछाकर 3 लोग (1)अब्बु गफरअली मंडल उम्र 29 वर्ष,(2).कबीर रियाजउद्दीन शेख उम्र 60 वर्ष और (3).मिलोन शहानवाज मंडल उम्र 37 वर्ष को पकड़ा,यह तीनो रूम नं.403,ओमसाई अपार्टमेंट, आर.सी.मारुती हाईस्कूल और ज्युनियर कॉलेज के पास,प्रगती नगर, नालासोपारा पूर्व में रहते थे। यह तीनो मूल निवासी बांग्लादेश के रहने वाले है। दुभाषिया के माध्यम से पूछताछ करने पर पता चला कि वह बिना परमिशन के भारत में रह रहा था।पुलिस अधिकारी ने बताया कि,जब उन लोगो से दुभाषिए के माध्यम से आगे पूछताछ की गई तो उन लोगो ने कबूल किया कि वह बांग्लादेशी नागरिक है। इनके खिलाफ तुलिंज पुलिस स्टेशन में भारतीय पासपोर्ट अधिनियम,1950 की धारा 3(ए), 6(ए) तथा विदेशी अधिनियम,1946 की धारा 14 के तहत मामला दर्ज किया गया है।यह कार्रवाई अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम प्रकोष्ठ-नालासोपारा की पुलिस निरीक्षक सौरभी पवार के मार्गदर्शन में पोहवा.रोशन किणी,मपोहवा.साक्षी डोईफोडे, पोहवा.महेंद्र शेट्ये, पोहवा. अमित चव्हाण, पोहवा.सुनिल पागी और मपोहवा.सुप्रिया तिवले की टीम ने की है।

## जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर /जिला न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रशासनिक जज विवेक वर्मा ने मां सरवस्ती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया।इसके बाद लोक अदालत के महत्व पर कहा कि लोक अदालत से जहाँ एक ओर समय की बचत होती है, वहीं लम्बे समय से लम्बित मामलों के त्वरित निस्तारण का यह एक अत्यन्त महत्वपूर्ण साधन है। जिला जज धर्मेन्द्र पाण्डेय द्वारा लोक अदालत की सफलता के लिए सभी अधिकारियों को अधिक से अधिक निस्तारण के लिए प्रोत्साहित किया गया।साथ ही सुलह समझौते के माध्यम से आपसी रंजिश को समाप्त करने की अपील की। इस दौरान नोडल अधिकारी शक्ति सिंह ने बताया गया कि ऐसे छोटे प्रकरण, जिसमें अनावश्यक रुप से मुकदमेबाजी के कारण पक्षकारों के बीच वैमनस्यता विद्यमान रहती है, उसे खत्म कर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने में लोक अदालत द्वारा सक्रिय भूमिका निभायी जा रही है।बताया कि इस समय हमारे देश की सेनाएं बार्डर पर मुस्तैदी से जुटी हुई हैं।ऐसे में हम सभी का यह दायित्व बनता है कि हमारे बहादुर जवानों के परिजनों को कोई असुविधा न होने पाये। इसके तहत सिर्फ सैन्य कर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए एक विशेष शिविर के आयोजन के बाबत जानकारी दी गई।बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में वृद्धा, दिव्यांग व विधवा पेंशन के लिए भी शिविर भी लगाया गया।इसके अतिरिक्त लगाये गये मेडिकल कैम्प में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ मौजूद रहे।वहीं बिजली बिल, गृहकर व जल कर सहित अन्य सामाजिक योजनाओं से सम्बंधित स्टॉल भी लगाए गए थे। लोक अदालत के दौरान प्रशासनिक जज द्वारा कुछ दिव्यांगजनों को ट्राई साईकिल, बैसाखी व कान की मशीन का वितरण भी किया गया।इसके बाद प्रशासनिक जज द्वारा राजकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान अपचारी किशोरों का हाल जाना व उन्हें दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी भी ली। अपर जज विजय कुमार चतुर्थ ने बताया कि इस दौरान कुल 1 लाख 27 हजार 39 मामले निस्तारण के लिए नियत किये गये थे, जिसमें से सुलह समझौते व संस्वीकृति के आधार पर कुल 1 लाख 13 हजार 387 वाद अंतिम रूप से निस्तारित किये गये।जिनमें विभिन्न न्यायालयों द्वारा राजस्व के 14 हजार 20 मामले तथा बैंक एवं अन्य विभाग द्वारा कुल 86 हजार 171 मामले निस्तारित किये गये। परिवार न्यायालय द्वारा कुल 6 वैवाहिक जोड़ों का व सुलह समझौता केन्द्र द्वारा 1 विवाहित जोड़े की सुलह कराकर विदाई करायी गयी।इस मौके पर एमएसीटी संजय हरिशुक्ला, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश नरेन्द्र कुमार, सीजेएम नूतन द्विवेदी, जिलाधिकारी डॉ. अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी आदि रहे।

## जानलेवा हमला करने वाले 11 लोगों के विरुद्ध पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**गरौठा चेयरमैन के भाई पर दबंगों ने जेसीबी से किया प्राणघातक हमला**

अमन लेखनी समाचार




ककरबई, झाँसी। गरौठा तहसील क्षेत्र के थाना ककरबई अंतर्गत ग्राम धनौरा निवासी दीपेश मिश्रा पुत्र सुरेश कुमार मिश्रा ने थाना पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि दिनांक 09 /05/2025 को रात्रि लगभग 10:00 बजे वह अपने पिता व दो अन्य परिजनों के साथ एक निमंत्रण से लौटकर अपने घर धनौरा जा रहे थे, तभी रास्ते में कुरैठा धनौरा मार्ग पर पहले से घात लगाए बैठे ग्राम के ही दबंग व्यक्तियों ने पूरी तैयारी के साथ हमारी गाड़ी ईको स्पोर्ट नंबर यूपी 93 बी डी 6762 पर जेसीबी से प्राणघातक हमला कर दिया। प्रार्थी ने बताया कि जेसीबी चालक ने जान से मारने की नियत से सीधा मेरी गाड़ी में टक्कर मारी जिससे मेरी गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई वादी तत्परता दिखाते हुए तुरंत बेक गियर डालकर अपनी कार को काफी दूर तक रिवर्स में ले गया और उस जेसीबी एवं दबंग व्यक्तियों से अपने आप को बचाया।इसी दौरान गाड़ी में बैठे परिजनों द्वारा मोबाइल से वीडियो बनाते हुए घटना की सूचना ककरवई थाना पुलिस को दी गई। प्रार्थना पत्र के आधार पर ककरवई थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार साहू ने जेसीबी को कब्जे में लेकर शिवम सिंह, बब्बू सिंह,उजागर सिंह, हेमन्त सिंह,शत्रुघ्न सिंह,योगेश सिंह,मंगल सिंह , लखचंद्र मिश्रा,हरिश्चंद्र मिश्रा, भगवत सिंह,दीपक सिंह निवासीगण ग्राम धनौरा थाना ककरवई के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है ।

## अज्ञात वाहन ने बाइक में मारा जोरदार टक्कर, बाइक सवार की हालत नाजुक



अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद के थाना श्यामदेउरवा अंतर्गत नगर पंचायत परतावल के गोरखपुर महराजगंज एन एच 730 मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को रात्रि में छातीराम पेट्रोल पंप से करीब 100 मीटर आगे महराजगंज की तरफ से आ रही अज्ञात चार पहिया वाहन परतावल से छपिया जा रहे बाइक सवार UP56AL5728 को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार अमन पुत्र विदेशी गौड़ निवासी बरवा जंगल थाना कसया कुशीनगर उम्र करीब 22 वर्ष गंभीर रूप से हुए घायल व विजय उर्फ पवन पुत्र दशरथ गौड़ निवासी कोठीभार महाराजगंज उम्र करीब 21 वर्ष को हल्की चोट आई है घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी परतावल ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार हेतु अमन पुत्र विदेशी को बीआरडी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।इस सन्दर्भ में चौकी प्रभारी जटाशंकर सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली हैं तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




## दर्शकों को पसंद आई ईशान-भूमि की जोड़ी

**मुंबई।** भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर की रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा वेब सीरीज 'द रॉयल्स' गुरुवार को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस सीरीज के जरिए पहली बार ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर एकसाथ नजर आए हैं। एक शाही परिवार की कहानी दिखाती इस सीरीज को लेकर दर्शकों को काफी इंतजार था। ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर की इस सीरीज को 'द रॉयल्स' कुछ लोग सीरीज की तारीफ कर रहे हैं, तो वहीं कई लोग सीरीज से निराश हुए हैं। एक यूजर ने ट्विटर पर लिखा, द रॉयल्स एक खूबसूरत दिखने वाली, लेकिन फ्लैट कहानी है। ये अपनी क्षमता को बर्बाद कर देती है। महल-सेट, इंस्टाग्रामेबल, बिजनेस-मीट-रॉयल्टी रोमांटिक कॉमेडी बनने की कोशिश में, यह न तो आकर्षक बन पाई है और न ही ढंग की बन पाई है।

लाइफ Style

# साई पल्लवी

## डॉक्टर बनने के बाद चुनी एक्टिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई


जिस दौर में हीरोइनें यानी एक्ट्रेस बिना मेकअप के अपना चेहरा दिखाने तक से बचती हों, उस दौर में अगर कोई अभिनेत्री ऐसी हो जो न सिर्फ असल जिंदगी में बल्कि फिल्मों में भी मेकअप करने से बचती हो तो शायद इस पर यकीन कर पाना थोड़ा मुश्किल है। लेकिन, ऐसी ही एक्ट्रेस हैं साउथ की साई पल्लवी।

साई पल्लवी के बारे में ये मशहूर है कि उन्हें मेकअप करना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। साई अपनी सिम्पलीसिटी के लिए जानी जाती हैं। तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में अपने अभिनय से सबको प्रभावित करने वाली साई पल्लवी ने गुरुवार को अपना 33वां जन्मदिन मनाया। साई पल्लवी को उनकी महिला केंद्रित फिल्मों और दमदार किरदारों के लिए जाना जाता है। अपने 10 साल के कॅरियर में साई छह फिल्मफेयर (साउथ) और 2 दक्षिण भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड अपने नाम कर चुकी हैं।

इन दिनों साई रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में हैं। जिसमें वो मां सीता के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म से साई बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। 9 मई 1992 को तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के कोटागिरी में जन्मी साई पल्लवी एक बडगा (बदगा) परिवार से आती हैं। साई पल्लवी का पूरा नाम साई पल्लवी सेंथमराई है। लेकिन, फिल्मों में वो साई पल्लवी के नाम से ही जानी जाती हैं। साई पल्लवी एक अभिनेत्री के साथ-साथ डॉक्टर भी हैं। उन्होंने जॉर्जिया के त्बिलिसी स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से मेडिकल की पढ़ाई पूरी की है। उन्होंने 2016 में एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है।



हॉलीवुड मसाला



## स्टंट की दुनिया के बेताज बादशाह

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया में बहुत से फिल्म स्टार्स हैं और फिर हैं टॉम क्रूज । वो शख्स जिसने लगभग तीन दशकों में मिशन इम्पासिबल मिशनः इम्पॉसिबल फ्रेंचाइजी को हाई-ऑक्टेन स्टंट्स की एक मास्टरक्लास बना दिया। जब 1996 में पहली फिल्म रिलीज हुई थी, तब उसकी पहचान एक ही सांस रोक देने वाले सीन से बनी थी। क्रूज एक प्रेशर-सेंसिटिव फ्लोर के ठीक ऊपर, हवा में लटकते हुए। सन्नाटा ऐसा कि बस एक पसीने की बूंद की आवाज सुनाई दे। उस दौर में ये सीन क्रांतिकारी था। लेकिन, आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो वो सीन मानो सिर्फ वॉर्म-अप लगता हैं। क्योंकि, इसके बाद हर फिल्म के साथ क्रूज ने सिर्फ बार नहीं बढ़ाई, उसने उसे सीधे खाई में फेंक दिया। मिशनः इम्पॉसिबल 2 में वो यूटा की डेड हॉर्स पॉइंट की सीधी खड़ी चट्टानों पर बिना हार्नेस, बिना स्टंट डबल के चढ़ते दिखे।



## जेम्स फोले ने कई शानदार फिल्मों का किया निर्माण

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी निर्देशक जेम्स फोले का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह लंबे समय से ब्रेन कैंसर से जूझ रहे थे। जेम्स फोले को 'फिफ्टी शेड्स', नेटफ्लिक्स की 'हाउस ऑफ कार्ड्स', 'ग्लेनगैरी ग्लेन रॉस' और 'द करप्टर' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था। उनका जन्म 28 दिसंबर 1953 को ब्रुकलिन, न्यूयॉर्क में हुआ था। साल 1984 में उन्होंने अपनी पहली फिल्म रेकलेस से फिल्म निर्माण का सफर शुरू किया। इसके बाद निर्देशक ने 'एट क्लोज रेंज' (1986) से क्रिटिक्स की प्रशंसा प्राप्त की, जिसमें सीन पेन और क्रिस्टोफर वॉकन ने अभिनय किया था। फोली ने 'ग्लेनगैरी ग्लेन रॉस' (1992), साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'फियर' (1996), और 'फिफ्टी शेड्स डार्कर' (2017) और 'फिफ्टी शेड्स फ्रीड' (2018) जैसे फिल्मों को बनाया था। निर्देशक ने टीवी में भी योगदान दिया है। उन्होंने 'हाउस ऑफ कार्ड्स', 'बिलियन्स' और 'ट्विन पीक्स' जैसी प्रशंसित सीरीज के एपिसोड का निर्देशन किया है। फोली ने मैडोना के लिए कई संगीत वीडियो का निर्देशन भी किया, जिसमें 'पापा डोंट प्रीच' और 'लिव टू टेल' शामिल हैं।



## अब हॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी कंगना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अब हॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। वह हॉरर ड्रामा 'ब्लेस्ड बी द एविल' में पहली बार मुख्य भूमिका निभाएंगी। इस प्रोजेक्ट में कंगना के साथ टीन वुल्फ, टायलर पोसी और हॉलीवुड आइकन सिल्वेस्टर स्टेलोन की बेटी स्कारलेट रोज स्टेलोन होंगी। वैराइटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म का निर्माण इस गर्मी में न्यूयॉर्क शहर में शुरू होने वाला है। निर्माताओं ने खुलासा किया कि टीम ने जानबूझकर अमेरिकी स्थानों का चयन किया ताकि हाल ही में घोषित ट्रम्प इंडस्ट्री टैरिफ से उत्पन्न किसी भी अनिश्चितता से बचा जा सके। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग रुद्र ने किया है। जिन्होंने गाथा तिवारी लायंस मूवीज के अध्यक्ष और संस्थापक के साथ मिलकर इसकी स्क्रिप्ट भी लिखी है। 'ब्लेस्ड बी द एविल' एक साइकोलॉजिकल हॉरर है।



## छेड़ने वाले को हम छोड़ते नहीं

**मुंबई।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी पोस्ट की है। उन्होंने इस स्टोरी में सेना के ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की है। साथ ही, इस स्टोरी की जरिए रणवीर सिंह ने उन ट्रोल्स को जवाब दिया है जो उन्हें ऑपरेशन सिंदूर को सपोर्ट करने पर ट्रोल कर रहे थे। रणवीर सिंह ने लिखा- कोई छेड़े तो हम उसे छोड़ते नहीं हैं। रणवीर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को सपोर्ट किया था जिसके बाद उनके कमेंट सेक्शन में कुछ लोगों ने उन्हें ट्रोल करते हुए कमेंट्स किए थे जिसमे से ज्यादातर कमेंट्स पाकिस्तन की तरफ से आए थे। अब रणवीर ने उन ट्रोल्स को जवाब देते हुए स्टोरी लगाई है। रणवीर ने ऑपरेशन सिंदूर के लोगो की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा- 'राह चलते को हम छेड़ते नहीं, लेकिन अगर कोई छेड़े तो फिर हम उसे छोड़ते नहीं।'

टीवी मसाला



## गौरव चोपड़ा 'पुष्पा इंपॉसिबल' में निभाएंगे प्रोफेसर के किरदार

**नई दिल्ली।** सोनी सब का सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' काफी समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। जल्द ही इस सीरियल में एक्टर गौरव चोपड़ा भी नजर आएंगे। सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में गौरव चोपड़ा प्रोफेसर राजवीर शास्त्री का रोल करेंगे। यह एक सख्त मिजाज का प्रोफेसर है, जो कि अपनी दमदार वकालत करने की क्षमता के लिए जाना जाता था। सीरियल में इस किरदार को लीड किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) की मदद के लिए लाया गया है। कुछ पुरानी घटनाओं के कारण राजवीर का व्यवहार कड़वाहट से भरा है। वह गुस्से में रहता है और शराब पीता है, उसको दुनिया और कानून व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। लेकिन, पुष्पा जब उसके जीवन में आएगी है तो सबकुछ बदल जाएगा। अपने रोल के बारे में गौरव चोपड़ा ने भी बात की। वह कहते हैं, 'जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी तो राजवीर का किरदार काफी जटिल किस्म का लगा। इस किरदार में काफी सारी लेयर्स हैं। एक एक्टर होने के नाते मुझे ऐसे किरदार की तलाश रहती है जो चुनौतीपूर्ण हों।' सीरियल 'पुष्पा इंपॉसिबल' में पुष्पा का किरदार करुणा पांडे निभाती हैं। गौरव उनके साथ काम करने के अनुभव के बारे में भी बताते हैं, 'वह पुष्पा के किरदार को नेचुरल तरीके से निभाती हैं।

## रूपाली गांगुली ने फवाद खान को जमकर लताड़ा

**नई दिल्ली।** अनुपमा अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान को जमकर लताड़ा है। अभिनेत्री ने पाकिस्तानी एक्टर को पीओके और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हुए हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' को 'शर्मनाक हमला' कहा था।



अब अभिनेत्री ने पाकिस्तानी अभिनेता की आलोचना की है। फवाद खान के बारे में एक खबर पर रिएक्शन देते हुए रूपाली गांगुली ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, 'आपका भारतीय फिल्मों में काम करना हमारे लिए भी शर्मनाक था।' अभिनेत्री की इस प्रतिक्रिया का यूजर्स ने समर्थन किया। साथ ही पाकिस्तानी एक्टर की आलोचना भी की। 'कपूर एंड संस और 'ऐ दिल है मुश्किल सहित कई बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुके फवाद खान ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके हमले के बाद मारे गए आतंकियों के लिए दुख जताया था। उनकी पोस्ट में लिखा था, 'इस शर्मनाक हमले में घायल और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।

## 'सिंदूर' नाम से आई वो फिल्म, जिसने बॉक्स ऑफिस पर फोड़ा बम, जया प्रदा और शशि कपूर की चमकी थी किस्मत

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बीच अब 38 साल पहले रिलीज हुई 'सिंदूर' चर्चा में आ गई है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर दुनिया भर में धमाकेदार कमाई की थी। 'सिंदूर' फिल्म में शशि कपूर, जया प्रदा, गोविंदा और नीलम कोठारी थे, जबकि जितेंद्र और ऋषि कपूर खास रोल में नजर आए थे। कादर खान, शक्ति कपूर, गुलशन ग्रोवर, असरानी और अरुणा ईरानी फिल्म में सपोर्टिंग रोल दिखाई दिए थे। यह के. रवि शंकर के निर्देशन में बनी पहली फिल्म थी। हिंदी ड्रामा फिल्म 'सिंदूर' को कृष्णमूर्ति ने प्रोड्यूस किया था, जिसके डायलॉग कॉमेडियन कादर खान ने लिखे थे। 'सिंदूर' फिल्म स्वंत्रता दिवस के



मौके पर रिलीज हुई थी जो बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। खास बात यह थी कि साल 1987 में सिनेमाघरों में आई इस फिल्म का क्लैश 'वतन के रखवाले' से हुआ था। इसके बावजूद 'सिंदूर' 1987 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म (हाइएस्ट ग्रॉसिंग) बनी थी।

### साउथ रीमेक ने बॉलीवुड में मचाया तहलका

'सिंदूर' की कहानी की बात करें तो ये पति के शक पर आधारित थी कि कैसे विजय को लगाता है कि उसकी पत्नी लक्ष्मी का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर है। वह इस चलते उसे घर से निकाल देता है। मगर सालों के बाद लक्ष्मी और विजय का आमना-सामना होता है और विजय को सच्चाई पता चलती है और वह हैरान हो जाता है। यह तमिल फिल्म 'उन्नई नान शांतिथेन' की रीमेक थी और इसका निर्देशन के. रविशंकर ने किया था। वहीं 'सिंदूर' को साल 1989 में तेलुगू में 'सुमंगली' नाम से बनाया गया था उस वक्त 2 करोड़ के बजट में बनी 'सिंदूर' ने 3.50 करोड़ कमाए थे।

## लगातार दूसरी बार भारत करेगा मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी

हैदराबाद में होगा आयोजन

**नई दिल्ली।** भारतवासियों के लिए गर्व की बात है क्योंकि भारत लगातार दूसरी बार मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 10 मई से भारत के हैदराबाद में शुरू होगी। पिछले साल यानी 2024 में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन मुंबई में हुआ था। लगातार दो संस्करणों का आयोजन करने के साथ ही 1951 में इसकी स्थापना के बाद से लगातार सालों में वैश्विक आयोजन की मेजबानी करने वाला इंडिया यूके के बाद दूसरा देश बन गया है।

### 10 से 31 मई तक होगा आयोजन

इस बार 10 मई को हैदराबाद के गाचीबोवली के इनडोर स्टेडियम में एक भव्य समारोह के साथ मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की शुरूआत होगी। जिसका समापन 31 मई को हाईटेक्स प्रदर्शनी केंद्र में होगा।



### राजस्थान की नंदिनी गुप्ता करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

भारत ने पहली बार 1996 में बेंगलुरु में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता की मेजबानी की थी। इस साल राजस्थान की नंदिनी गुप्ता मिस वर्ल्ड 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। भारत द्वारा लगातार मिस वर्ल्ड की मेजबानी करना भारत के लिए गर्व की बात है।

### अब तक इंडिया को मिली हैं छह मिस वर्ल्ड

अब तक इंडिया की कुल छह सुंदरियों ने मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया है। इनमें रीता फारिया (1966, महाराष्ट्र), ऐश्वर्या राय (1994, कर्नाटक), डायना हेडन (1997, तेलंगाना), युक्ता मुखी (1999, महाराष्ट्र), प्रियंका चोपड़ा (2000) और मानुषी छिल्लर (2017, हरियाणा) शामिल हैं।

## ऐसा गांव जहां दुल्हन के लिए श्राप था लाल जोड़ा, डोली से हो जाती थी गायब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लाल जोड़े में दुल्हन बनना हर लड़की का सपना होता है। लेकिन, यह सपना उस गांव के लिए श्राप बन गया, जहां दुल्हन बनीं लड़कियां डोली में बैठते ही गायब हो जाती थीं। हाल ऐसा कि लड़कियां लाल जोड़ा पहनने से भी डरने लगी थीं। लेकिन, घबराइए मत ऐसा रियल नहीं, बल्कि 1979 में रील लाइफ में हुआ था। फिल्म थी जानी दुश्मन, जिसमें बड़े बड़े सुपरस्टार्स नजर आए थे। फिल्म की कहानी ज्वाला प्रसाद की थी, जिसे अपने सपनों की लड़की से शादी करनी थी। शादी के दिन उसकी पत्नी लाल रंग का जोड़ा पहनती है और दूध में जहर मिलाकर मार देती है। इसके बाद वह शैतान बन जाता है।

### जानें कौन था ये 'जानी दुश्मन'




**गांव के पुजारी से लेकर कई लोगों पर किया जाता है शक**

इसके बाद वह बदला लेने की ठान लेता है और लाल जोड़ा पहने दुल्हनों का अपहरण कर उन्हें मारने लगता है। लेकिन, एक दूल्हे से जब ज्वाला का सामना होता है तो वह उसे मारकर उसके शरीर को कब्जे में कर लेता है। इसके बाद एक के बाद एक दुल्हनों के मरने का सिलसिला जारी रहता है। लेकिन, किसी को कुछ पता नहीं लगता। गांव के पुजारी से लेकर कई लोगों पर शक किया जाता है। अंत में शैतान का खात्मा होता है।

### चलो रे डोली उठाओ कहार

फिल्म जानी दुश्मन पॉपुलर फिल्मों में से एक है, जिसका गाना 'चलो रे डोली उठाओ कहार' आज भी सुनने को मिल जाता है। डरावने और सस्पेंस से भरी इस फिल्म का आज भी कोई तोड़ नहीं है। जबकि डेढ करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने उस समय 9 करोड़ की कमाई हासिल की थी। फिल्म में सुपरस्टार जितेंद्र, सुनील दत्त, प्रेमनाथ, शत्रुधन सिन्हा, विनोद मेहरा, रीना रॉय, नीतू सिंह, रेखा,योगिता बाली, बिंदिया गोस्वामी, रजा मुराद, सारिका, अमरीश पुरी, शक्ति कपूर और अरूणा ईरानी जैसे एक्टर्स नजर आए थे।

## 'संदेशे आते हैं' सॉन्ग का नया वर्जन होगा तैयार





**मुंबई।** साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर' का अब दूसरा पार्ट भी बन रहा है। इस फिल्म में एक बड़ी स्टार कास्ट मौजूद है। हाल ही में 'बॉर्डर 2' से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में भी 'संदेशे आते हैं' गाना दर्शकों को सुनने को मिलेगा। फिल्म 'बॉर्डर' में इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौर ने गाया था। फिल्म 'बॉर्डर 2' में यह गाना सोनू निगम के साथ एक दूसरा सिंगर गाएगा। इस सिंगर की भारत में अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने जेपी दत्ता और निधि दत्ता के साथ मिलकर 'संदेशे आते हैं' सॉन्ग के राइट्स लगभग 60 लाख रुपए में खरीद लिए हैं। इस गाने की फिल्म में बहुत ज्यादा अहमियत है। यही कारण है कि मेकर्स 'संदेशे आते हैं' को फिल्म 'बॉर्डर 2' में इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही मेकर्स इस गाने के जरिए भारतीय सेना को सलाम भी करना चाहते हैं। फिल्म 'बॉर्डर 2' को जेपी दत्ता, भूषण कुमार, निधि दत्ता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म 'बॉर्डर' के निर्देशक जेपी दत्ता थे। फिल्म 'बॉर्डर 2' में 'संदेशे आते हैं' सॉन्ग को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह गाने वाले हैं। अरिजीत की गायिका के भारतीय दर्शक लंबे वक्त से दीवाने हैं। अब वह 'संदेशे आते हैं' सॉन्ग में अपनी आवाज का जादू चलाएंगे। सूत्रों के अनुसार यह गाना सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ पर फिल्माया जाएगा। सनी देओल इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि, फिल्म 'बॉर्डर' में उनके किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।